


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


बॉडीकॉन ड्रेस में जान्हवी कपूर...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 01 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 311 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## राम रहीम की पैरोल खारीज करने की उठी मांग, हाईकोर्ट में डाली गई याचिका

नई दिल्ली। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 40 दिन की पैरोल मिली है जिसके लेकर विवाद लगातार बढ़ रहा है। राम रहीम की पैरोल को लेकर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस मामले में जल्द ही सुनवाई की जाएगी।

राम रहीम को मिली पैरोल को लेकर विपक्षी पार्टियां काफी विरोध कर रही है। राम रहीम की पैरोल को लेकर वकील एचसी अरोड़ा ने पैरोल याचिका खारीज करने की मांग की है। राम रहीम यौन शोष, रणजीत सिंह की हत्या के मामले में जेल में सजा काट रहे है। बीते पांच वर्षों से वो जेल में सजा काट रही है। राम रहीम को दिवाली से पहले 40 दिनों की पैरोल की गई है। बिगड़ सकती है शांति व्यवस्थाः इस मामले पर याचिका दायर करने वाले एसची अरोड़ा ने मीडिया को कहा कि राम रहीम को पैरोल दिए जाने की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई है। इस प्रक्रिया में अनदेखी होने से सुरक्षा व्यवस्था में दिक्कत हो सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब में शांति व्यवस्था बिगड़ सकती है। राम रहीम को पैरोल देने के चलते शांति भंग होने का खतरा बेहद बढ़ गया है। पैरोल देने से पहले संबंधित जिला उपायुक्त से सुरक्षा को लेकर आंकलन किया जाना था। मगर राम रहीम को पैरोल दिए जाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन हरियाणा सरकार ने बागपत जिले के डीएम से कराया जबकि इसे पंजाब में करवाया जाना था। राम रहीम के बाहर आने से पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी हो सकती है।



बढ़ रहा तनावः बता दें कि जब से राम रहीम पैरोल पर बाहर आा है तभी से डेरा समर्थकों की भीड़ आश्रम पर पहुंचने लगी है। इसी बीच खबरें है कि डेरा समर्थकों और आम लोगों के बीच तनाव की स्थिति में इजाफा हो रहा है। हरियाणा सरकार पर लगा आरोपः बता दें कि हरियाणा सरकार पर भी आरोप लगा है कि वो बार बार राम रहीम को पैरोल दे रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य चुनावों में लाभ लेना है। बता दें कि हरियाणा की आदमपुर सीट पर उपचुनाव और पंचायती चुनाव होने वाला है। पैरोल को इस चुनाव से जोड़कर विपक्षी पार्टियों ने सत्ता में काबिज भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साध ा है। नेता ले रहे आशीर्वादः चुनावों को देखते हुए कई नेता भी गुरमीत राम रहीम से आशीर्वाद लेने उनके आश्रम में पहुंच रहे है। पंचायत चुनाव के उम्मीदवार भी राम रहीम के आश्रम के चक्कर लगाते दिख रहे है। राम रहीम के सत्संग में जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। नेताओं को रेप और हत्या के आरोपी बाबा के पीछे नतमस्तक होने से चर्चाएं हो रही है।

## भारत में ओमिक्रॉन वेरिएंट का नया सब वेरिएंट XBB ला सकता है नई लहर

नई दिल्ली। देश और दुनिया में इन दिनों ओमिक्रॉन वेरिएंट के सब वेरिएंट ग्ठठ के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। भारत में अब ये वेरिएंट खतरनाक रुप लेता जा रहा है क्योंकि इसले मामले लगातार सामने आ रहे है। ऐसे में इसके मामले बढ़ना चिंता का सबब है। जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु में इसके सबसे अधि ाक मामले दर्ज किए गए है। ये देश के नौ राज्यों में सामने आ चुका है। जानकारी के मतुबाक भारत में 23 अक्तूबर तक ग्ठठ वेरिएंट के 380 से अधिक मामले सामने आ चुके है। सबसे अधिक मामले तमिलनाडु में सामने आए है। यहां 175 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 103 मामले दर्ज हुए है। इन राज्यों में दस्तक दे चुका है सबवेरिएंट : भारत में ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट ग्ठठ का पहला मामला पश्चिम बंगाल में देखने को मिला था। इसके अलावा ओडिशा (35), दिल्ली (18), पुडुचेरी (16), कर्नाटक (9), गुजरात (2), राजस्थान (1) में ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट ग्ठठ के मामले दर्ज हो चुके है। देश में अबतक कुल 380 मामले इसके हो गए है। इस वेरिएंट के बढ़ते मामलों के कारण अन्य राज्यों में भी अलर्ट घोषित क दिया है। बता दें कि इस वेरिएंट का पहला मामला सिंगापुर में देखने को मिला था।



विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जता चुका है चिंताः विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से भी इस वेरिएंट को लेकर चिंता जाहिर की जा चुकी है। संगठन की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन ने कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ये वेरिएंट इतना घातक है कि इम्यून सिस्टम को चकमा दे सकता है। इससे कोई भी व्यक्ति आसानी से शिकार हो सकता है। इस वेरिएंट के कारण कई देशों में नई लहर आने की भी संभावना है। कोरोना वायरस के 300 से अधिक सब वेरिएंट सामने आ चुके है। ये वेरिएंट काफी घातक है। ये वेरिएंट इम्यून सिस्टम को धोखा दे सकता है। उन्होंने कहा कि ये घातक वेरिएंट है, मगर इससे पहले भी कई खतरनाक वेरिएंट सामने आ चुके है। ये ऐसा वेरिएंट है जो वैक्सीनेशन के बाद शरीर में बनी एंटीबॉडीज पर भी हावी हो सकता है। ये वेरिएंट कोरोना की नई लहर लाने में सक्षम है। भारत में दर्ज हुए इतने मामलेः भारत में एक दिन में कोविड–19 के 1,326 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,46,53,592 पर पहुंच गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 17,912 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से आठ और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,29,024 हो गई है।

## अमित शाह ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई हरी झंडी

### कहा– अगर पटेल साहब ना होते तो आज के विराट भारत का अस्तित्व भी शायद ना होता

नई दिल्ली। देश की एकता और अखंडता के पर्याय भारत रत्न सरदार पटेल जी की जयंती पर गुजरात एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूँ। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से त्नद वित न्दपजल को फ्लैग ऑफ किया और साथ ही सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। आइये हम सभी सरदार साहब के दिखाए मार्ग पर समर्पित भाव से चल राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश गुलामी की सभी निशानियों से मुक्त होकर समृद्ध, सशक्त व सुरक्षित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरदार पटेल समस्त देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है, कई वर्षों तक उनको भुलाने के प्रयास के बावजूद भी सरदार के व्यक्तित्व ने उन्हें अमर बनाये रखा है। सरदार साहब ने अपनी कुशल राजनीतिक क्षमता से 500 से अधिक रियासतों को जोड़ एक भारत के सपने को चरितार्थ किया। अगर पटेल साहब ना होते तो आज का विराट, संकल्पवान व सामर्थ्यवान भारत का अस्तित्व भी शायद ना होता। दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।





## सोनिया गांधी ने मोरबी हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया



नयी दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांध ी ने गुजरात के मोरबी में पुल टूटने के कारण 100 से अधिक लोगों की मौत पर सोमवार को दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, सोनिया गांधी ने मोरबी के दर्दनाक हादसे में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दुरूख व्यक्त किया है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने शोक संदेश में यह भी कहा कि दुख की घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ है तथा वह दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हैं। मोरबी में मच्छु नदी पर बना करीब एक सदी पुराना पुल रविवार शाम टूट गया। इस पुल को चार दिन पहले मरम्मत के बाद फिर से जनता के लिए खोला गया था। पुल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी।

## मोरबी केबल पुल हादसे में भाजपा सांसद ने भी गवां दिए अपने परिवार के 12 सदस्य

गुजरात के मोरबी में केबल पुल गिरने से राजकोट से भाजपा सांसद मोहनभाई कल्याणजी कुंदरिया के परिवार के बारह सदस्यों की भी मौत हो गई। इंडिया टुडे टीवी से बात करते हुए मोहनभाई कल्याणजी कुंदरिया ने कहा, ष्मैंने दुर्घटना में अपने परिवार के 12 सदस्यों को खो दिया है, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। मैंने परिवार के सदस्यों को खो दिया जो मेरी बहन के परिवार से थे। भाजपा सांसद के परिवार के 12 सदस्यों की मौतः भाजपा सांसद ने कहा, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन खोज और बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे में बचे सभी लोगों को बचा लिया गया है और मच्छू नदी में फंसे लोगों के शवों को निकालने के प्रयास जारी हैं और बचाव नौकाएं भी मौके पर हैं। गुजरात के मोरबी शहर में माच्छू नदी पर सदियों पुराना पुल गिरने से 140 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। एनडीआरएफ, सेना, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की पांच टीमें युद्धस्तर पर तलाशी व बचाव अभियान चला रही हैं। लालच और लापरवाही बनीं काल?ः तलाश अभियान रात से चल रहा है। यह पुल करीब एक सदी पुराना था और मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के बाद इसे आमजन के लिए पांच दिन पहले ही खोला गया था। पुल रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे टूट गया। सांघवी ने राजधानी गांधीनगर से करीब 300 किलोमीटर दूर मोरबी में पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार ने पुल ढहने की घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि अंग्रेजों के समय का यह "हैंगिंग ब्रिज" जिस समय टूटा, उस समय उस पर कई महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कुछ लोगों को पुल पर कूदते और उसके बड़े तारों को खींचते हुए देखा गया। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि पुल उस पर "लोगों की भारी भीड़" के कारण टूट कर गिर गया हो। घटना की जांच के लिए बनी कमेटीः गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य की राजधानी से लगभग 300 किलोमीटर दूर मोरबी में संवाददाताओं से कहा कि राज्य सरकार ने ढहने की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। सांघवी ने कहा कि पुल ढहने के मामले में धारा 304 (गैर इरादतन हत्या), 308 (जानबूझकर मौत का कारण बनना) और 114 (अपराध होने पर उपस्थित होना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो भी जिम्मेदार पाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों और घायलों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, हर्ष संघवी ने कहा, ष्इस घटना में अब तक 132 लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार शाम करीब 6.30 बजे पुल गिर गया। दिवाली की छुट्टी और रविवार होने के कारण, पर्यटकों की भीड़ लगी रही। पुल, एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण रात भर बचाव अभियान चलाया गया और पीएम मोदी ने भी स्थिति का जायजा लिया है।





## सीएम योगी ने रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी, बोले–अब बन रहा सरदार पटेल के सपनों का भारत

लखनऊ। देश आज लौह प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल हमेशा ही देश की एकता के पक्ष में रहे। देश की छोटी रियासतों को जोड़कर उन्होंने भारत को आंतरिक रूप से मजबूत करने का काफी काम किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को पीएम नरेन्द्र मोदी ने बड़ा आयाम देने का प्रयास किया है। पीएम मोदी अब सरदार पटेल के सपनों का भारत तैयार कर रहे हैं। पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 127 वीं जयंती मना रहा है। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया। इसके बाद जीपीओ पार्क में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के



आज लौह पुरुष की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने देश को एकता का पाठ पढ़ाया था। सरदार पटेल ने 563 रियासतों का भारत में विलय कराया।







## 'लड़कियों की नीलामी' मामले में माफी मांगे राजस्थान की कांग्रेस सरकार : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्त्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कथित तौर पर लड़कियों की नीलामी के मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेशसरकार को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जनता से माफी मांगनी चाहिए। मायावती ने सोमवार को ट्वीट किया, राजस्थान की पंचायतों में लड़कियों की स्टाम्प पेपर पर कर्ज अदायगी सम्बंधी खरीद–फरोख्त सामाजिक व सरकारी व्यवस्था को शर्मसार करने वाली अति दुःखद घटना है। उन्होंने ट्वीट में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव–2022 के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांध ी वाद्रा के लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान का जिक्र करते हुए कहा, क्या 'लड़की हूँ लड़ सकती हूँ' का दावा करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनकी राज्य (राजस्थान) सरकार का लड़कियों के प्रति यही असली क्रूर रूप है? बसपा अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न आयोगों द्वारा इस घटना के सम्बंध में स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करना उचित है लेकिन यह इसका समुचित हल नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेसी सरकार को दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के साथ–साथ इस शर्मनाक घटना पर महिलाओं व राज्य की जनता से तुरंत माफी मांगनी चाहिये। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में कर्ज अदायगी के लिए लड़कियों की नीलामी के आरोपों की जांच के संबंध में शुक्रवार को दो सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम का गठन किया। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने राजस्थान के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शर्मा ने मुख्य सचिव से आयोग को की गई कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा है। शीर्ष बाल अधि ाकार निकाय राष्ट्रीय बाल अधि ाकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो भी आरोपों की विस्तृत जांच करने के लिए सात नवंबर को भीलवाड़ा जाएंगे। राजस्थान राज्य महिला आयोग ने भी इस बारे में प्रकाशित एक मीडिया रपट पर भीलवाड़ा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से लड़कियों की नीलामी को लेकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्टाम्प पेपर पर लड़कियों की नीलामी की जा रही है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ने शनिवार को कहा कि महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों पर राज्य पुलिस अत्यंत संवेदनशीलता बरतकर महिला अत्याचार से संबंधि ात प्रकरणों पर विशेष निगरानी रख रही है और इन अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



# रामोत्सव के मंच पर लांच होगा 'गुमनामी' का प्रीमियर

## –नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कथित मौत व गुमनामी बाबा सिद्धांत के आसपास का रहस्य

अयोध्या। देव दीपावली पर श्री राम नगरी के सूरसरि मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय रामोत्सव व अयोध्या लिटरेचर फेस्टिवल में गुमनामी बाबा जिनकी ज्यादातर एक्टिविटी नेताजी सुभाष चंद्र बोस से मिलती है और काफी लोग यह मानते हैं की विमान दुर्घटना के बाद नेताजी अयोध्या में आकर के रहे उनके जीवन पर आधारित सन्यासी देशनायक 'गुमनामी' का प्रीमियर लांच होगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रियनाथ चाटोपाध्याय ने बताया की बॉलीवुड फिल्म 'गुमनामी' 2 अक्टूबर की रिलीज से पहले सुर्खियों में बनी हुई है और सुर्खियां बटोर रही है। उसी विषय पर एक और फिल्म पाइपलाइन में है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कथित मौत और गुमनामी बाबा सिद्धांत के आसपास का रहस्य है। निर्देशक अमलान कुसुम घोष ने चुनौती ली और 6 नवंबर को श्री रामोत्सव अयोध्या के मंच पर गुमनामी बाबा और भगवान रामलला जी की भूमि में फिल्म का प्रीमियर होगा।

उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माता अमलान कुसुम घोष एक राजनीतिक थ्रिलर के साथ अपनी फीचर फिल्म की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें भारतीय क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 1945 के विमान दुर्घटना में कथित रूप से लापता होने के बाद एक साधु के भेष में फिर से उभरने की संभावना है। इसलिए अयोध्या में फिल्म का प्रीमियर न केवल ऐतिहासिक है बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन में अयोध्या की भूमिका को भी पहचानना है। उन्होंने कहा इस विषय पर काम करना मेरी जिम्मेदारी है। नेताजी पर अब तक बनी फिल्में 1945 (विमान दुर्घटना का वर्ष) तक के उनके जीवन से संबंधित हैं। लेकिन मुझे आश्चर्य है कि किसी भी निर्देशक ने इस तथ्य पर काम क्यों नहीं किया कि नेताजी 1945 के बाद जीवित हो सकते थे। उन्होंने ने बताया कि यद्यपि कथित दुर्घटना के बाद राष्ट्रवादी के पुनरुत्थान और एक पवित्र व्यक्ति की आड़ में रहने के कई सिद्धांत हैं। निर्देशक ने कहा कि उन्होंने अपनी फिल्म के आधार के रूप में गुमनामी बाबा विद्या (सबसे स्थायी सिद्धांतों में से एक) को चुना और वैज्ञानिक साक्ष्य गुमनामी बाबा (फैजाबाद में गुमनामी बाबाध्भगवानजीध्महाकाल और उत्तर प्रदेश में अयोध्या) को नेताजी के रूप में पहचानते है। इसलिए हमने उनके इर्द–गिर्द अपनी फिल्म को आधार बनाया है। गायब होने के पीछे की सच्चाई का पता लगाने के लिए भारत सरकार ने तीन जांच आयोगों का गठन किया।

1999 में मुखर्जी आयोग सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एम.के. मुखर्जी ने कथित रूप से गायब होने की छह साल की लंबी जांच शुरू की। हालांकि न्यायमूर्ति मुखर्जी ने रिपोर्ट में हवाई दुर्घटना सिद्धांत को खारिज कर दिया। लेकिन उन्होंने यह निष्कर्ष नहीं निकाला कि संन्यासी बोस थे, क्योंकि किसी भी ठोस सबूत की अनुपस्थिति थी।

# धूमधाम के साथ मनाई गई सरदार पटेल की जयंती, आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

## सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती.

दैनिक बुद्ध का संदेश



बलरामपुर। जिले में सोमवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त सरकारीध्अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, समस्त परिषदीय विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों मैं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य द्वारा पीआरडी जवानों को हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना किया गया। जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में रन फॉर यूनिटी के माध्यम से छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में नियुक्त समस्त धिकारीध्कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय एकता शपथ दिलायी गयी।

# स्कूल जा रही छात्रा को युवक ने पीटा, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

## पुलिसिया लापरवाही के चलते पीड़ित छात्रा को 24 घंटे बाद मिला न्याय

मिल्कीपुर–अयोध्या। प्रदेश की योगी सरकार महिला संबंधी अपराध को लेकर भले ही तमाम जागरूकता अभियान चला रही है किंतु मनबढ़ और दबंग युवकों द्वारा किए जा रहे महिला संबंधी अपराधों के सामने कुमारगंज पुलिस बेबस नजर आ रही है। ऐसा ही एक वाकया घर से विद्यालय पढ़ने जा रही कक्षा 11 की एक छात्रा को सरेराह थप्पडों से पीट–पीटकर गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका वीडियो वायरल हो जाने के बाद भी कुमारगंज पुलिस नहीं चेती और वायरल वीडियो उत्तर प्रदेश पुलिस के ट्विटर हैंडल पर तमाम राजनीतिक दलों एवं समाजसेवियों द्वारा अपलोड कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाए जाने के बाद आखिरकार पुलिस नींद से जागी और अंततः पीड़ित छात्रा की तहरीर पर एक नामजद युवक सहित दो अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव से कक्षा 11 में पढ़ने वाली एक छात्रा साइकिल से बीते 29 अक्टूबर को प्रात करीब 8रू45 बजे अपने स्कूल जा रही थी रास्ते में स्थित एक देवी माता स्थल के पास पहुंची थी कि पहले से ही बाइक खड़ी कर घात लगाए खड़े युवक सूरज सिंह पुत्र हरि भान सिंह ने छात्रा पर थप्पड़ से पिटाई शुरू कर दी। असहाय छात्रा बेअंदाज एवं दबंग युवक की यातना सहती रही इससे भी युवक का जी नहीं भरा तब उसने छात्रा को जमकर गालियां दी और मार डालने की धमकी भी दे डाली थी। घटना के बाद युवक की करतूतों का वीडियो वायरल हो गया और छात्रा के विद्यालय पहुंचने के पूर्व ही विद्यालय के प्रधानाचार्य के पास छात्रा से बदसलूकी का वीडियो पहुंच चुका था। घटना के बाद पीड़ित छात्रा सीधे प्रिंसिपल के पास पहुंची और आप बीती बताई। इस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रा को अपने परिवारी जनों के साथ कुमारगंज थाने जाकर शिकायत करने की बात कही थी। पीड़ित छात्रा ने बीते 29 अक्टूबर को ही कुमारगंज थाना पुलिस को शिकायत की प्रार्थना पत्र सौंप दिया था। किंतु पुलिस ने मामले को हवा में ले लिया था और कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा था। वहीं दूसरी ओर घटना के संबंध में जब चौकी प्रभारी एनडीए संतोष कुमार मौर्य से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि मुकदमा थानाध्यक्ष के आदेश पर लिखा जाता है उन्हीं से जानकारी प्राप्त कर लीजिए की बात कहते हुए प्रकरण से पल्ला झाड़ लिया था। किंतु छात्रा की पिटाई का वीडियो इस कदर वायरल हो गया कि जिले के पुलिस अधिकारियों के हाथ–पांव फूल गए और घटना के दूसरे ही दिन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी के साथ कुमार गंज थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने में कैंप कर अपने ही सामने मामले में एफ आई आर दर्ज कराया। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि मामले में पीड़ित छात्रा की तहरीर पर एक नामजद युवक सूरज तथा दो अन्य अज्ञात युवकों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी एवं पास्को एक्ट की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई है, जल्दी ही गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

# 48 घंटे के अंदर पुलिस ने युवती को चाकू मारने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। कोतवाली देहात की पुलिस ने 48 घंटे के भीतर युवती को चाकू मारने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त नाजायज चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली देहात में 29 अक्टूबर को वादी दशरथ पुत्र बैजनाथ ने तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री को ग्राम जुडी कुइयां मशवरा रामपुर बनघुसरा निवासी रोशन पुत्र फकरुजमा ने जान से मारने की नियत से चाकू मार दिया है। पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह है पूरा मामला 29 अक्टूबर को कोतवाली देहात में ग्राम जमुनिजोत निवासी दशरथ पुत्र बैजनाथ ने तहरीर दी थी की उसकी पुत्री को ग्राम जुडी कुइयां निवासी रोशन पुत्र फकरुजमा इस बात पर चाकू मार दिया है कि उसकी पुत्री ने उसे जुलाहा कहा था। पीड़िता के पिता का आरोप था कि मामूली सी बात पर रोशन ने उसके पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। मामले की विवेचना करते हुए उपनिरीक्षक रमन कुमार वर्मा ने 48 घंटे के भीतर ही आरोपी अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त नाजायज चाकू के साथ नन्दनगर पुल के पास गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम युवक को चाकू मारने के मामले में कोतवाली देहात की पुलिस ने 48 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक रमन कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध यादव व कांस्टेबल विजय कनौजिया ने सराहनीय कार्य करते हुए जानलेवा हमला करने वाले अभियुक्त को 48 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया।

# छठ पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनूठा अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा पर राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग नौगढ़ नगर द्वारा नगर के सभी घाटों जमुवारनाला, बाल्मीकि नगर काली मंदिर स्थित घाट व मधुकरपुर आदि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चाय, काढा, बिस्किट की व्यवस्था की गई साथ ही मेडिकल कैम्प भी लगाया गया। जहां कल सायं काल और आज सुबह श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रकाश व नगर व्यवस्था प्रमुख नंदलाल रस्तोगी द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभकामनाएं देते हुए। छठी मैया से सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की गई। उक्त अवसर पर सदर विधायक श्याम धनी राही, सह जिला कार्यवाह अविनाश जयसवाल, सहनगर संघचालक मुरलीधर अग्रहरी नगर कार्यवाह ओंकार नाथ पांडेय, नगर संपर्क प्रमुख रणजीत चौधरी, नगर प्रमुख धनंजय रस्तोगी, सह नगर कार्यवाह अंकित त्रिपाठी, नगर प्रचारक अभय व राम नारायण सह नगर शारीरिक प्रमुख सुरेश रैना व नगर प्रचार प्रमुख योगेश कुमार श्रीवास्तव समेत अनेक कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन महामाया राजकीय महाविद्यालय श्रावस्ती में किया गया। इस आयोजन को मुख्य रूप से अमृत महोत्सव व राष्ट्रीय योजना योजना के तत्वावधान में संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती के राष्ट्रीय योजना के नोडल अधिकारी, डॉ राजीव रंजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्जन के साथ हुआ। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं एवं स्वयंसेवकध्स्वयं सेविकाओं ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर अपने विचार रखे। आचार्य डॉ दिलीप कुमार ने



ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में सरदार पटेल के योगदान की विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ राजीव रंजन ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दौड़ व राष्ट्रीय एकता यात्रा का भी आयोजन किया गया। एकता दौड़ में बालक वर्ग में राजा भैया बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम,अवनीश कुमार बीए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय व अरविन्द कुमार बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में नीलू द्विवेदी बीए प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, शालू बीए प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय व सीमा वर्मा बीए तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ धर्मेन्द्र गुप्त ने किया। लोगो को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ धर्मेन्द्र गुप्त ने राष्ट्रवाद का सबल विकास करने की आवश्यकता पर बल दिया जो सही मायने में अखण्डता व संप्रभुता के लिए अपरिहार्य तत्व बताया।बीसाथ ही साथ नोडल अधिकारी के सक्रियता व कर्मठता की प्रशंसा करते हुए सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ आशुतोष मिश्र, कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉ श्याम नारायण वर्मा, डॉ उपेंद्र कुमार सोनी, प्रो दुर्गा प्रसाद व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# बांसी में उगते हुए सूरज को दिया अध्य किया पूजा अर्चना

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। सोमवार को राप्ती नदी के तट पर छठ पूजा के वती महिलाओं ने उगते हुए सूरज को अध्य देकर पूजा अर्चना किया उनसे धन–धान्य सुख समृद्धि व कल्याण की कामना की इस दौरान छठ स्थल



पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहा ड्रोन कैमरे से निगरानी व पुलिस व महिला कांस्टेबल की पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे नगर पालिका के कर्मचारी व अधिकारी भी पूरी मुस्तैदी से लगे रहे नगर पालिका के अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश राईनी ईओ विंध्याचल, अमरेंदर व पूरी नगरपालिका की टीम पूरी व्यवस्था में लगे रहे एसडीएम प्रमोद कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी बासी देवी गुलाब सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव, रामकृपाल शुक्ल,जय प्रकाश दुबे, एसआई पप्पू गुप्ता, आनंद कुमार सुरक्षा व्यवस्था में भी लगे रहे डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल भी सुबह बांसी राप्ती नदी के तट पर पहुंचकर वती महिलाओं को शुभकामना दिया साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी के जीवन में अपार खुशियां लाए छठी मैया की कृपा सभी पर बनी रहे यही कामना है। तट पर पूर्व प्राचार्य कालका प्रसाद त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, पूर्व चेयरमैन चमन आरा राईनी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व नगरपालिका के प्रत्याशी हरि गोविंद साहू, सोनू जायसवाल, सभासद रामगोपाल अग्रहरी, बजरंगी बर्मा, निलेश निषाद, फूलचंद, बलराम कुलश्रेष्ठ, धनंजय मिश्रा, धर्मेंद्र सभासद, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उगते सूर्य को व्रतियों ने मांगा आशीर्वाद

## भोर में ककरही घाट पर उमड़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़, स्वजन ने भी की बढ़ चढ़कर भागीदारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। महापर्व छठ पर्व के अवसर पर घाटो पर उमड़ा रूप आस्था का मेला सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त समर्थकों के साथ पूजा में शामिल रहे सांसद, जगदंबिका पाल ने कहा कि बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार मनाया जाता है और साथ महिलाएं पूजन–अर्चन करने के लिए सूर्योदय का इंतजार करती रहीं जैसे ही पूरब से सूरज का लाल गोला निकलता दिखा, उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। सभी ने भगवान भास्कर के उगने के साथ ही सविधि पूजा–अर्चना कर परिवार को सुख–समृद्धि की कामना की और व्रत तोड़ा जाता है और वहां पर पहुंचकर डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल जी,रवि जायसवाल सांसद प्रतिनिधि ,शिरीष चौधरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, सहित तमाम समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने सूर्य को अर्ध्य देकर नमन किया। व्रत महिलाओं ने बताया कि ऐसी व्यवस्था कभी ककरा घाट पर नहीं देखने को मिली बताते चलें तो डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल कहां





की सभी माताओं के लिए छठ घाट बनवाया जाएगा बताओ कोई समस्या कोई दिक्कत ना हो सांसद के सौजन्य से निशुल्क चाय की व्यवस्था किया गया था और माताओं को बहनों को चाय पिलाकर अपना व्रत तोड़ा। सांसद टीम के वह पर उपस्थित, विक्की साहनी, बबलू यादव, बिट्टू गॉड, सूरज मोदनवाल, राजकुमार जयसवाल, इंदल यादव आदि रहे।

# एबीवीपी के तत्वधान में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर



रन फॉर यूनिटी हॉफ मैराथन के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव को आत्मसात करते हुए विद्यार्थी परिषद ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम संयोजक कुशाग्र सिंह ने बताया कि पांच किलोमीटर के इस दौड़ में छात्र एवं छात्रा वर्ग में प्रथम 3–3 विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं सभी प्रतिभागियों को टी–शर्ट उपलब्ध कराया गया। छात्र वर्ग में आदित्य, राजीव व रोहित तथा छात्रा वर्ग में कोमल, सुमन व आरुषि ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षक डॉक्टर अजय सिंह पिंकू ने बताया कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने एक–एक करके सभी रियासतों को एकता के सूत्र में बांधकर एक अखंड भारत बनाया उसी प्रकार आज का प्रत्येक प्रतिभागी अपने कार्यक्षेत्र में एकता के बंधन में बंधकर राष्ट्र को और अधिक शक्तिशाली बनाने का प्रयास करें। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के ध्येय पर कार्यरत विद्यार्थी परिषद रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रवाद की अलख को निरंतर जगाता आ रहा है जिसमें यह हाफ मैराथन एक कड़ी का काम कर रहा है। कार्यक्रम में जिला सह प्रमुख डॉक्टर एमपी तिवारी, डॉ राजीव रंजन, पूर्व जिला प्रमुख डॉ केके सिंह,जिला संगठन मंत्री अभिनव, विभाग संयोजक जयशंकर, जिला संयोजक अमन, जिला सह संयोजक गौरव, अंबुज, शिवम, हिमांशु, सर्वेश, शुभम, मोहित, छवि चतुर्वेदी, आलोक, अभय, अक्षय व संतमणि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापारिक सुरक्षा फोरम की समीक्षा बैठक




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला स्तरीय उद्योग बन्धुध्व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थित में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यापारियों के जो भी समस्याएं है उन्हें निस्तारित कराया जाये तथा व्यापारियों को परेशान न करें। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार सृजन योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारियों से कहा कि ऋण से संबधित आवेदन कर बैंको को उपलब्ध करा दे जिससे बैंको द्वारा स्वीकृत कराया जा सके। व्यापारियों द्वारा जिलाधिकारी से शोहरतगढ़ से गोरखपुर तक बस सेवा शुरू कराने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज को बस सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि सड़क के किनारे के जर्जर विद्युत पोल का बलदने, शोहरतगढ़ के क्षतिग्रस्त पोल तथा खुनुवां के पटरी से सटे हाई टेंशन तार को हटवाने का निर्देश दिया। अधिकारियों द्वारा व्यापारियों की समस्याओं का समय से समाधान करने के लिए जिलाधिकारी तथा जिला प्रशासन की व्यापारियों द्वारा प्रशंसा की। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर, ए0आर0एम0 रोडवेज जगदीश, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, लीड बैंक अधिकारी आर0के सिन्हा, तथा व्यापारियों आदि की उपस्थित रही।

# भनवापुर लेखपाल पर रिपोर्ट ना लगाने का आरोप

## डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के पेड़रा व गनवरिया खुर्द का मामला

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के गनवरिया, पेड़रा, कठोतिया किशुन आदि गांवों के लोगों ने तहसीलदार डुमरियागंज को दिए अपने प्रार्थना पत्र में यह शिकायत किया है कि उनके गांव में तैनात लेखपाल की मनमानी की वजह से गांव के लोग सरकार की सुविधाओं से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक महीना, 15 दिन बीतने के बाद भी पैसा ना मिलने पर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट न लगाने की बात कही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि किसान सम्मान निधि वेरीफिकेशन के लिए भी पैसा मांग रहे हैं लेखपाल। पेडरा ग्राम प्रधान नें बताया कि बाढ़ का पानी गांव के चारों ओर होने गांव के लोगों की फसलों का बहुत नुक्सान हुआ है। लेखपाल को फोन कर के व मौखिक तौर पर कहने पर लेखपाल गांव में नहीं आए। लेखपाल के इस रवैए से हम ना खुश हैं तहसीलदार डुमरियागंज वह उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को हमने शिकायती पत्र दिया है कि लेखपाल पर उचित कार्रवाई करते हुए, हमारे गांव से हटाया जाए। इस सम्बन्ध में तहसीलदार डुमरियागंज ने बताया कि मुझे अप्लीकेशन नहीं मिला है मुझे प्रधान का फोन आया था अप्लीकेशन दें यदि ऐसा मामला है तो उसपर कार्रवाई होगी।




# धान खरीद प्रशिक्षण कार्यशाला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। धान खरीद वर्ष 2022–23 की धान खरीद प्रशिक्षण कार्यशाला जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0)ध जिला खरीद अधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहें जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजय प्रताप सिंह को निर्देश देते हुए बताया शासन द्वारा वर्ष 2022–23 हेतु धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य–धान कामन रू0 2040.00 प्रति कुन्तल, धान ग्रेड–ए रू0 2060.00 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष किसानों को उतराई, छनाई व सफाई के लिए रू0 20.00 प्रति कुन्तल ही लिया जायेगा। शासन द्वारा धान खरीद की अवधि 01 नवम्बर 2022 से 28 फरवरी 2022 तक निर्धारित किया गया है। सभी क्रय केन्द्रों पर टोकन रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, बोरा रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर आदि उपलब्ध होना चाहिए। क्रय केन्द्रों पर समय से खराददारी किया जायें तथा उसका समय से भुगतान भी कराया जाये।

क्रय केन्द्रों पर किसानों की संख्या अधिक होने पर टोकन उपलब्ध कराया जाये। सभी क्रय केन्द्र प्रभारी सेल्फी फोटो खीचेंगे जिसमें ट्रक का नम्बर भी आये। टीम द्वारा मिलों का साप्ताहिक निरीक्षण कराया जायेगा। क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने तथा पेयजल की व्यवस्था रहे। धान क्रय से सम्बंधित सभी उपकरण सभी क्रय केन्द्रों पर उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि किसान भाई धान विक्रय से पूर्व आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा जो जनपद के किसी भी जन सुविधा केन्द्रध्साइवर कैफे के माध्यम से कराया जा सकता है। बिना रजिस्ट्रेशन के धान क्रय एजेन्सियों पर विक्रय नही किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन हेतु विभाग के पोर्टल बिण्नचण्दपबण्पद पर पंजीयन होगा। किसानों को आनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु किसान बहीध खतौनी, फोटोयुक्त पहचान पत्र, पासबुक की छायाप्रति तथा आधार कार्ड्ड अनिवार्य होगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 52 क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है।

धान खरीद हेतु शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रियंका वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, लीड बैंक अधिकारी आर0के0 सिन्हा, समस्त एजेन्सियों के केन्द्र प्रभारियों तथा मिलों के मालिकगण की उपस्थिति रही।

# आशीष शुक्ला ने दिया मानवता की मिसाल, पीड़ा से कहर रही गाय का किया इलाज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मानवता अभी भी जिंदा है इसकी मिसाल आशीष



शुक्ला ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पीड़ा से कहर रही गाय क्या इलाज करके दिखाया। आपको बता दें कि कलेक्ट्रेट परिसर में कई दिनों से गंभीर रूप से घायल गाय जमीन पर पड़ी पीड़ा से कहर रही थी सूचना मिलने पर युवा भाजपा नेता एवं भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ला ने तुरंत पशु डॉक्टरों के साथ जाकर घायल गाय का इलाज किया गाय के शरीर पर बने जख्म में कीड़े पड़ चुके थे जिसकी साफ–सफाई करवाते हुए उसकी सेवा की साथ ही उच्च अधिकारियों से अवगत कराते हुए तुरंत उसकी उचित व्यवस्था कराने की भी बात रखी इस अवसर पर उनके साथ आशीष शुक्ल, राकेश पांडेय, रमेश शुक्ल, देवेश मणि त्रिपाठी के सहयोग से पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने इलाज किया।

# राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग उ०प्र० शासन के तत्वधान में जिला एकीकरण समिति

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सोमवार विकास भवन सभाकक्ष सिद्धार्थनगर में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय





अखण्डता दिवस के रूप में मनाया गया। हमने सरदार भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया साथ ही इस अवसर पर सरदार भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा परिचर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने फूल देकर स्वागत सम्मान किया एवं हम सभी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ लिया। इस मौके पर डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल जिला पंचायत प्रतिनिधि उपेन्द्र सिंह एस एस बी के सभी जवान एवं जिला के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# पिकप ने टेंपू को मारी टक्कर दो की मौत, चार हुए घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के उसका, बृजमनगंज सड़क पर मनखाही और कंचनपुर के बीच में तेज रफ्तार पिकअप ने टेंपू को टक्कर मारी जिसमे दो लोगो की इलाज के दौरान मौत हो गई और दो को डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया और दो की जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर में इलाज चल रहा है टेंपू बृजमनगंज महराजगंज के तरफ जा रहा था और पिकअप तेज रफ्तार से बृजमनगंज से उसका बाजार के तरफ आ रहा था तभी टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी हादसा इतना भयानक था की लोगो के रूह काप जायेंगे वही जानकारी के मुताबिक टेंपू



में 6 लोग सवार थे जिसमे से दो लोगो की मृत्यु हो गई और चार लोग घायल हो गए है मृतक व्यक्ति का नाम सुभाष पुत्र पुण्यमांसी उम्र 25 वर्ष थाना क्षेत्र उसका बाजार के दैजौली गांव सिद्धार्थनगर का निवासी था तो दूसरी शिवांश पुत्र सागर उम्र दो वर्ष थाना क्षेत्र बृजमनगंज के जोतपुरलेहड़ा गांव जिला महाराजगंज के निवास था और शिवानी 10 वर्ष पुत्री सागर और रानी 32 वर्ष पत्नी सागर निवासीगण जोतपुर लेहड़ा ,थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया और दो घायल में एक टैम्पो चालक अरबिंद 26 पुत्र जगलाल निवासी बसावनपुर, उसका बाजार सिद्धार्थनगर व शारदा 25 वर्ष पत्नी सुभाष दैजौली उसका बाजार सिद्धार्थनगर की जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर में इलाज चल रहा है वही ग्रामीणों ने पिकअप ड्राइवर को स्थानीय लोगो ने रस्सी से बांध कर रखा गया घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर पिकअप ड्राइवर को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि हादसे में दो लोगो की मृत्यु हुई है और ड्राइवर को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# पटेल जयंती पर पुलिसकर्मियों को दिलायी शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। कोतवाली में लौह पुरुष सरदार



भल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पार्पित कर नमन किया गया। प्रभारी मोती लाल यादव ने सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाया। देश, समाज के प्रति उनके कार्यो को निष्ठापूर्वक करने की बात कही गयी। देश के संविधान की रक्षा करते हुए न्याय के प्रति समर्पित रहने की शपथ ली गयी। इस दौरान एसआई किशोरी लाल, भीम सिंह, न्दलाल, सुबाष चौहान, गौरव कुमार यादव सहित पुलिस कर्मी व चौकीदार भी शामिल रहे।

# युवा नेता ने किया पत्नी के साथ पूजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। भाजपा के युवा नेता व समाजसेवी विष्णु जयसवाल सोनू अपने पत्नी पूनम जायसवाल संग राप्ती नदी तट पर सोमवार



को सुबह 3.00 बजे पहुंचकर वती महिलाओं को प्रसाद वितरण किया पूनम जायसवाल के साथ अनुराधा गुप्ता, सुधा देवी, मंजू देवी, राजलक्ष्मी, मीरा देवी, संगीता गुप्ता ने भी प्रसाद वितरण में अपना पूरा सहयोग दिया यह प्रसाद वितरण की व्यवस्था कुछ अलग रही एक थैले में 5 तरह के फल व छपा हुआ रविषष्ठी (छठ) व्रत कथा के साथ में वितरण किया जो काफी प्रशंसनीय रहा इस द्वारा उनके साथ भाजपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ में रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थित में श्रम बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्रमिको का पंजीयन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने असंगठित कामगारो को सामाजिक सुरक्षा हेतु दुकानोध्व्यवसायिक प्रतिष्ठानोध्संस्थाओ एवं कारखानो में काम करने वाले श्रमिको का पंजीयन कराकर ई–श्रम कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया। जिलधिकारी ने बाल श्रमिको के लिए छापेमारी करने का निर्देश दिया। अधिष्ठान पंजीयन हेतु समस्त सरकारी संस्थाओ का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु 01 नवम्बर से 11 नवम्बर तक चलेगा। सभी श्रमिको का कैम्प लगवाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा श्रमिको का पंजीयन बढ़ाने का निर्देश दिया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डी.के.चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, सहायक श्रम आयुक्त सुमन सिंह, तथा व्यापारियों आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

**करीब साढ़े 37 लाख लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। परीक्षा के दिन पूरे राज्य के रेलवे स्टेशनों पर जैसी भीड़ और भगदड़ थी वह अभूतपूर्व थी। नौजवान ट्रेनों में आगे पीछे और अगल बगल लटक कर परीक्षा देने पहुंचे। इसके बावजूद लाखों बच्चे समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके। सोचें, प्रधानमंत्री अगले साल...**

# मोदी के स्वर्ण काल में भूख, कतई नहीं!

पिछले दिनों दुनिया की दो जानी मानी संस्थाओं की ओर से तैयार किया जाने वाला ग्लोबल हंगर इंडेक्स जारी हुआ। मतलब देशों में भूख का वैश्विक सूचंकाक। इसमें भारत छह स्थान और गिर कर 107वें स्थान पर पहुंच गया है। वह पिछले साल 101वें स्थान पर था। उससे पहले के साल 94वें स्थान पर था। यानी मुफ्त अनाज बांटने की योजना जैसे जैसे आगे बढ़ी है वैसे वैसे भारत में भूख और कुपोषण बढ़ता गया है। कुछ समय पहले ही भारत शगरीबी की राजधानीच बना। भारत ने नाइजीरिया को हटा कर उसकी जगह ली। अब भारत कुपोषण की राजधानी भी घोषित है। दुनिया में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग खास कर बच्चे भारत में रहते हैं। जिन बच्चों की लंबाई उम्र के मुताबिक नहीं है या लंबाई के अनुपात में वजन कम है, ऐसे बच्चों में दुनिया के 19 फीसदी से ज्यादा भारत में हैं। दुनिया के भूखे लोगों में से 24 फीसदी का घर भारत है। यानी दुनिया का हर चौथा भूखा व्यक्ति भारतीय है। भूखे लोगों की संख्या और उनकी स्थिति के मामले में पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि सारे देश भारत से अब बेहतर स्थिति में हैं। सबकी रैंकिंग भारत से अच्छी है। मगर जिस दिन से यह रिपोर्ट आई है भारत सरकार इसे खारिज करने में लगी है। हकीकत मानने, उसमें सुधार करने की बजाय भारत सरकार हकीकत बताने वाले के पीछे पड़ी हई है। बेरोजगारी के आंकड़े खुद संघ के दत्तात्रेय होसबाले ने बताए।




उन्होंने कहा था कि भारत में चार करोड़ लोग बेरोजगार हैं। बेरोजगारी की क्लासिकल परिभाषा के मुताबिक ऐसे लोग,जो अपनी काबलियत और क्षमता के मुताबिक काम नहीं पा रहे है। ऐसे लोगों की संख्या चार से साढ़े चार करोड़ बताई जा रही है। लेकिन इससे वास्तविक तस्वीर जाहिर नहीं होती है क्योंकि करोड़ों नौजवानों में कोई योग्यता नहीं है। उन्होंने पढ़ाई नहीं की है और न उनको पास कोई तकनीकी डिग्री है। दूसरे, आठवीं पास लोगों के लिए जो नौकरियां हैं उनमें भी बीए, एमए पास लोग लाईन में हैं और नौकरी ले रहे हैं। इसलिए बेरोजगारी की स्थिति का पता हो ही नहीं सकता है। जमीन पर बेरोजगारी कितनी भयावह है इसका कुछ अंदाजा पिछले दिनों लोगों को तब लगा, जब उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक पात्रता परीक्षा यानी पीईटी का आयोजन हुआ। करीब साढ़े 37 लाख लोगों ने इसके लिए आवेदन किया था। परीक्षा के दिन पूरे राज्य के रेलवे स्टेशनों पर जैसी भीड़ और भगदड़ थी वह अभूतपूर्व थी। नौजवान ट्रेनों में आगे पीछे और अगल बगल लटक कर परीक्षा देने पहुंचे। इसके बावजूद लाखों बच्चे समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके। सोचें, प्रधानमंत्री अगले साल दिसंबर तक 10 लाख नौकरी देने की बात कर रहे हैं और एक ही राज्य में साढ़े 37 लाख लोग नौकरी के लिए जान दांव पर लगा रहे हैं!

# विदेश नीति में नई सोच?

नई परिस्थितियों में भारत जैसे बड़े और महत्त्वपूर्ण देश के लिए लंबे समय तक अस्पष्टता का शिकार रहना संभव नहीं रह गया है। इसीलिए विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ध्यान खींचा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का ग्लोबल साउथ के साथ हमेशा खड़े रहने और संयुक्त राष्ट्र के प्रभाव को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयास करने की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। जयशंकर ने यह संकल्प संयुक्त राष्ट्र दिवस– 24 अक्टूबर– को एक विशेष वक्तव्य में जताया। अगर यह बयान संपूर्ण पुनर्मूल्यांकन पर आधारित और सुविचारित है, तो इसे भारतीय विदेश नीति में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जाएगा। इसलिए कि 1990 के दशक से लेकर हाल तक भारत ने इस बारे में स्पष्ट रुख ना रखने के कारण दुनिया में न सिर्फ विकासशील देशों का स्वाभाविक नेतृत्व गवां दिया, बल्कि वैश्विक मामलों में उसकी आवाज भी कमजोर होती चली गई। ये दौर धनी देशों के साथ समीकरण बनाने की कोशिश का रहा। लेकिन कुल नतीजा यह रहा कि धनी देश भारत को एक बाजार की नजर से देखते रहे और साथ ही उसे अपना पिछलग्गू समझने लगे। दुनिया में भारत की ऐसी ही छवि बनती चली गई। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने अपनी विदेश नीति में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। दरअसल, यूक्रेन युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में दुनिया दो खेमों में बंटती चली गई है। अगर पश्चिमी मीडिया के पास नैरेटिव थोपने की ताकत के बावजूद अब यह सबको स्पष्ट नजर आ रहा है कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस युद्ध के बाद बनी परिस्थितियों में दुनिया को अपने ढंग से हांकने में सफल नहीं हुए हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े और महत्त्वपूर्ण देश के लिए लंबे समय तक अस्पष्टता का शिकार रहना संभव नहीं रह गया है। इसीलिए विदेश मंत्री के ताजा बयान ने ध्यान खींचा है। व्यावहारिक रूप से भारत ने इस बीच ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे उभरते वैकल्पिक ढांचों में अपनी सक्रिय भूमिका बनाए रखी है। साथ ही वह डॉलर से कारोबार को अलग करने की दुनिया में आगे बढ़ रही परिघटना में भी एक हद तक शामिल रहा है। इससे ग्लोबल साउथ में भारत को लेकर दिलचस्पी बढ़ी है। अब विदेश मंत्री के बयान को इस बात का संकेत समझा जाएगा कि भारत ने हाल में भूमिका निभाई है, वह उसकी बदलती सोच का परिणाम है।

# सत्ता की हनक

**फिलहाल दिल्ली प्रकरण में एक अनूठी बात ये देखने को मिली कि आम जनता की नुमाइंदगी करने वाले एक शख्स ने भाजपा सांसद से आंख से आंख मिलाकर बात की और यमुना गंदी होने की शिकायत करते हुए यह आईना दिखा दिया कि अधिकारी तो सफाई के लिए आते हैं, लेकिन राजनेता नहीं दिखते। इस व्यक्ति ने साफ कहा कि हमें नदी साफ चाहिए, चाहे कोई भी दल यह काम करे...**

छठ पूजा अब धार्मिक अनुष्ठान के साथ–साथ राजनीति का साधन भी बन चुकी है। खासकर दिल्ली में, जहां इस वक्त आम आदमी पार्टी की सत्ता है। भाजपा की ख्वाहिश भी इस सत्ता को अपनी झोली में डालने की थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। बल्कि अब देश के दूसरे राज्यों जैसे पंजाब, गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में आप लगातार भाजपा के लिए चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में दिल्ली में दोनों दलों के बीच खींचतान और बढ़ती जा रही है। भाजपा की कोशिश आप की सरकार को नाकारा साबित करने की है। इसके साथ ही दिसंबर में संभावित एमसीडी चुनावों के लिए भी दोनों दलों के बीच जोर आजमाइश जारी है। चुनावों से पहले एक–दूसरे के शासन–प्रशासन को खराब दिखाने की कोशिश दोनों दलों के नेता कर रहे हैं। इसके लिए कभी गाजीपुर के कूड़े के पहाड़ पर राजनीति हो रही है, कभी कानून–व्यवस्था के हालात पर और अब छठ के मौके पर यमुना नदी का प्रदूषण सुर्खियों में है। पिछले दिनों भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसमें वे दिल्ली जल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी से अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें अपशब्द कह रहे हैं। प्रवेश वर्मा भाजपा के चर्चित चेहरों में शायद इसलिए शुमार हो चुके हैं, क्योंकि वे विवादों की श्रृंखला बनाते जा रहे हैं। शाहीन बाग आंदोलन के वक्त उन्होंने कहा था कि शाहीन बाग में लाखों लोग जमा हो गए हैं। इनके बारे में दिल्ली वालों को सोचना होगा वर्ना यह लोग घरों में घुसकर आपकी बहन बेटियों से दुष्कर्म करेंगे और जान से मार देंगे, इसलिए इन्हें खत्म कर दो। आज समय है, कल मोदी व शाह बचाने नहीं आएंगे। उनके इस बयान के खिलाफ वृंदा करात ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज की थी। इसके बाद पिछले दिनों प्रवेश वर्मा ने बिना नाम लिए एक समुदाय का आर्थिक बहिष्कार करने की सार्वजनिक अपील की थी। जिस पर भाजपा की काफी आलोचना भी हुई थी। और अब प्रवेश वर्मा ने एक सरकारी अधिकारी के साथ उसके कार्यावधि के दौरान अशिष्ट आचरण किया। जो वीडियो सामने आया है, उसमें प्रवेश वर्मा को तू का संबोधन देते हुए फटकार लगा रहे हैं कि यमुना को साफ क्यों नहीं किया गया। और यमुना सफाई के लिए जो रसायन उन अधिकारी को डालना था, उस पर चिल्लाते हुए प्रवेश वर्मा कह रहे हैं कि ये केमिकल तेरे सिर पर डाल दूं क्या। उनके बात और व्यवहार का यह ढंग यह दर्शा रहा है कि भाजपा सांसद को सत्ता का गरूर है और उन्हें यह एहसास नहीं है कि वे किसी अधिकारी से इतने गलत लहजे में बात कर रहे हैं। वैसे सरकारी अधिकारियों से बदतमीजी के प्रकरण पहले भी सामने आए हैं। कुछ साल पहले इंदौर में भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय ने अवैध निर्माण तोड़ने गए अधिकारी के साथ बदसलूकी की थी, उन पर क्रिकेट का बल्ला उठा दिया था। हालांकि उन अधिकारी ने अदालत में अपने साथ बदसलूकी करने वाले की पहचान में खुद को असमर्थ बता दिया था। लेकिन दिल्ली के प्रकरण में जल बोर्ड के अधिकारी पूरी शालीनता के साथ अपना पक्ष सांसद प्रवेश वर्मा के सामने रखते दिख रहे हैं। बल्कि उन्होंने रविवार को वही रयासन युक्त यमुना के पानी से स्नान भी कर के दिखा दिया कि इसमें कोई नुकसान नहीं है। यमुना की गंदगी साफ करने के लिए रसायनों का इस्तेमाल कितना सही है, यह तो विशेषज्ञ ही बता सकते हैं। रसायनयुक्त पानी से नहाने पर अधिकारी की त्वचा पर क्या असर होगा, यह भी बाद की बात है। लेकिन फिलहाल जरूरी सवाल ये है कि एक अधिकारी से या किसी भी सामान्य व्यक्ति से जनप्रतिनिधि की ऐसी बदसलूकी कितनी जायज है और इसका कितना घातक असर लोकतंत्र पर पड़ेगा। यमुना में गंदगी एक दिन में नहीं आई, बरसों–बरस से चिंता का यही विषय बना हुआ है कि यमुना नदी का पानी इस्तेमाल के लिहाज से खतरनाक होता जा रहा है। एनजीटी ने यमुना नदी में पूजा की सामग्री बहाने आदि पर रोक लगाई हुई है, लेकिन फिर भी नदी साफ नजर नहीं आती है। देश की दूसरी नदियों का जो हाल है, वही यमुना का है और मौके–मौके पर अलग–अलग नदियों का प्रदूषण राजनीति के कारण बहस का मुद्दा बन जाता है। केंद्र में पिछले आठ सालों से भाजपा की सरकार है और दिल्ली में 9 सालों से आप की सरकार है। दोनों ही दलों के पास यमुना की सफाई करने का पर्याप्त वक्त था। लेकिन हकीकत ये है कि यमुना अब भी मैली ही है और इसकी सफाई की जगह राजनीति तेज हो रही है। प्रशासनिक अधिकारी भी अपनी कार्यकुशलता का बेहतर परिचय तभी दे सकते हैं, जब उन्हें काम करने का सही माहौल मिले और उन्हें राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो पाता है। मंत्रियों और सरकारों की सुविधा के हिसाब से अधिकारी की नियुक्ति और तबादले होते हैं। और अगर वे जी मंत्री जी वाला रुख न अपनाएं, तो उनके ऊपर कार्रवाई की तलवार हमेशा लटकती रहती है। ऐसे में कोई अधिकारी अपनी रीढ़ की हड्डी बचाते हुए पूरी ईमानदारी से काम करे, ऐसे उदाहरण कम ही देखने को मिलते हैं। फिलहाल दिल्ली प्रकरण में एक अनूठी बात ये देखने को मिली कि आम जनता की नुमाइंदगी करने वाले एक शख्स ने भाजपा सांसद से आंख से आंख मिलाकर बात की और यमुना गंदी होने की शिकायत करते हुए यह आईना दिखा दिया कि अधिकारी तो सफाई के लिए आते हैं, लेकिन राजनेता नहीं दिखते। इस व्यक्ति ने साफ कहा कि हमें नदी साफ चाहिए, चाहे कोई भी दल यह काम करे।

# कायाकल्प की कवायद : कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**ऐसे जोड़क व फलदायी नतीजे सिर्फ यात्रा से पैदा नहीं होंगे। यात्रा प्रबंधकों को जनता के सामने ऐसे ठोस प्रस्ताव, दस्तावेज और उन्हें क्रियान्वित करने की योजना व माध्यम पेश करने होंगे, जो भारत में बढ़ रहे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक अनाचार को खत्म करने तथा खाइयों को पाटने के व्यावहारिक व विश्वसनीय समाधान हों। श्भारत जोड़ो यात्रा – ऐसे प्रस्तावों को पेश करने..**

अरुण तिवारी

यह यात्रा और इससे प्रसारित व प्राप्त ऊर्जा, कांग्रेस के लिए एक सुअवसर है कि वह अपने भीतर–बाहर जो कुछ बदलना चाहती है, बदल डाले। जैसी अंगड़ाई लेना चाहती है, ले सकती है। जैसी नई कांग्रेस बनाना चाहे, बना सकती है। वह नए पिण्ड में पुरानी आत्मा वाली कांग्रेस बनना चाहती है अथवा पुराने पिण्ड में नई आत्मा वाली कांग्रेसय यह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के तय करने की बात है।

चौक–चौबारों पर चौकड़ी जमाये बैठे लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बात करने पर जो राय सामने आई है, उसे आधार बनाकर कांग्रेस की श्भारत जोड़ोश यात्रा को कुछ नए तरीकों से देखा–समझा जा सकता है। अपने से कमजोर को स्नेह से चिपटा लेना, बराबर वाले को गले लगा लेना और बड़े के चरणों में झुककर अंगूठा छू लेनाय दूसरे से पा लेने का यही विज्ञान है और हृदय की विशालता भी यही थी। आजादी वाली कांग्रेस याद कीजिए। मूल कांग्रेस ऐसी ही विशालहृदया थीय वामपंथी, दक्षिणपंथी, समाजवादी...भिन्न–भिन्न नई–पुरानी विचारधाराओं को अपने में समाहित कर लेने वाली एक बहुरंगी बागीची। यही कांग्रेस की भी शक्ति थी और भारत की भी। श्भारत जोड़ो यात्राश निश्चित ही कई नयों को कांग्रेस से जोड़ेगी, किन्तु यदि कांग्रेस को आगे के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना है तो चुनावी जीत के नए औजारों को नियोजित और नियंत्रित करना सीखना होगा। पहले से जुड़े कांग्रेसी न टूटें, इसके लिए भी प्रयास कम जरूरी नहीं। इसके लिए कांग्रेस संगठनकर्ताओं को खुद की आंतरिक कमजोरियों से उबरना ही होगाय वरना् वे कांग्रेस–मुक्त भारत के लिए सिर्फ मोदी–अमित शाह की कारगुजारियों को जिम्मेदार ठहराकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते। वैचारिक जुड़ाव के लिए साहित्य, सोशल–मीडिया, आयोजनों व अपने व्यवहार के जरिए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत होती है। आजकल जिस मानस के साथ कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी बनता है या कहें कि जिस मानस वालों को राजनीतिक दल अपना पदाधिकारी बना रहे हैं उनकी और वोटरों की निजी परेशानी में कुछ मदद करना जरूरी है। यदि पार्टी यह नहीं कर पायेगी, तो वह उस पार्टी में क्यों नहीं चला जाएगा, जो सत्ता में हैय खासकर, जब कोई वैचारिक–नैतिक जुड़ाव हो ही नहीं? कांग्रेस में कितने पदाधिकारी अथवा सांसद–विधायक हैं, जिन्होंने उनके रास्ते चलना तो दूर, गांधी, नेहरू, अम्बेडकर अथवा लोहिया को ठीक से पढ़ा भी है? कांग्रेस को विचार करना चाहिए कि यदि वह केन्द्र अथवा ज्यादातर राज्यों में सरकार में नहीं है, तो क्या करे? क्या इंतजार करे? नहीं, जब आप केन्द्र अथवा राज्य सरकार में न हों तो कार्यकर्ता तथा वोटर को देने योग्य बनने की सबसे बड़ी संभावना श्तीसरी सरकारश यानी पंचायती व नगर सरकारों में हमेशा मौजूद रहती है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के हित में तो यही है कि तीसरी सरकारों को दलमुक्त ही रहने दिया जाएय किन्तु क्या यह सिर्फ कांग्रेस के तटस्थ रहने से होगा? स्थानीय चुनावों को संजीदगी से लेने से बूथ लेवल कार्यकर्ता व वोटर...दोनों की मदद संभव है। इसे और खोलकर समझें कि आम जिन्दगी में असल दिक्कतें तो स्कूल, अस्पताल, थाना, कचहरी, ब्लॉक व तहसीलों से जुड़ी होती हैं। जिस पार्टी का कार्यकर्ता इसमें जिसकी मदद करता है, वह वोटर उस कार्यकर्ता के साथ जुड़ जाता है। उस वोटर का किसी पार्टी से कोई वैचारिक जुड़ाव नहीं होता। वह वोटर, उस कार्यकर्ता विशेष से जुड़ाव के कारण उसकी पार्टी को वोट देता है। पार्टी सत्ता में न हो, तो भी यदि कार्यकर्ता सेवाभावी हो, तो वह मदद कर सकता है। आखिरकार, स्वयंसेवी संगठनों के लोग यही करते हैं। कांग्रेस में श्सेवादलश और श्राजीव गांधी पंचायती राज संगठनश की क्या भूमिका अथवा जिम्मेदारी होनी चाहिए? लेन–देन के संतुलन को लेकर श्भारत जोड़ोश यात्रियों को भी रणनीतिक होने की जरूरत है। कोई यात्रा से क्यों जुड़े? यात्री क्या दे रहे हैं? श्फेविकोलश जोड़ कैसे होगा? यात्री तो विपक्षी राजनीतिक दल अथवा नागरिक संगठनों के नुमाइंदे हैं। वे कह रहे हैं कि सत्ता पक्ष और अधिक तानाशाह न हो जाएय इसके लिए जरूरी है कि प्रतिपक्ष और मतदाता भी मजबूत हों। प्रतिनिधि और मतदाता एक–दूसरे को पुष्ट करने की भूमिका के लिए जुटें। देश की आत्मा पर संकट है। संकट में एकता ही विकल्प हैय इसलिए जुड़ें। कह सकते हैं कि यात्री एक उम्मीद दे रहे हैं। किस बात की उम्मीद? वे सादगीपूर्ण यात्रा कर रहे हैं। नागरिक संगठनों ने श्भारत जोड़ोश यात्रा में साथ होते हुए भी कांग्रेस की रोटी न खाकर, अपनी रोटी और ठहराव का इंतजाम किया है। भारत–यात्रियों ने यात्रा के दौरान नशामुक्त होने का संकल्प लिया है। यात्री, यात्रा स्थल तक पहुंचने के इंतजाम खुद अपने संसाधनों से करेंगे। यात्री होटल में नहीं रुकेंगे। अपने रुकने और खाने का बोझा किसी अन्य पर नहीं डालेंगे। अपना इंतजाम खुद करेंगे। कंटेनर में रुकेंगे। साझी रसोई साथ चलेगी। यात्रा के प्रतीक चिन्ह, प्रतीक गीत में कांग्रेस का कोई निशान नहीं होगा। कांग्रेस का ध्वज नहीं, बल्कि भारत का राष्ट्रध्वज ही यात्रा का ध्वज होगा। वे बोलने से ज्यादा, सुन रहे हैं। इस सबसे उम्मीद जगती है कि ये सत्ता में आए तो भारत के जनमानस पर अपनी दलगत विचारधारा थोपने के लिए दिमाग में सेंधमारी नहीं करेंगेय जनमानस की सुनेंगे। भारत जोड़ोश यात्रा का चुनावी फायदा होगा या नहीं? यह इस पर निर्भर करेगा कि सरकारों व विरोधी संगठनों द्वारा जो कुछ भी अनैतिक व जनविरोधी किया गया हैय कांग्रेस, यात्रा से प्राप्त भिन्न–भिन्न ऊर्जाओं को उसके खिलाफ मौजूद आवेग को कितने बड़े वेग में बदल पाती है? क्या हासिल ऊर्जा, वोटरों में यह भरोसा जगा पाएगी कि चुनावों में कांग्रेस आई तो विकास तो करेगी ही, कम–से–कम संप्रदायों में झगड़े तो नहीं कराएगी? वोटरों के मन में चुनाव से पहले ही एक धुंधला, किन्तु यह विचार अंकुरित कर पाएगी कि इस बार यूपीए गठबंधन सरकार में आ सकता है?



# मंदबुद्धि लड़के ने किया नकदी व जेवर पर हाथ साफ

साण्डा (सीतापुर)। विकासखंड सकरन के थाना क्षेत्र सकरन के खजूरा प्रधान रामू के घर पर पच्चास हजार नकदी समेत करीब बीस हजार के जेवर को पार कर दिया। ग्राम प्रधान के घर आरोपी घरेलू काम करता था। अचानक ज्यादा पैसा देख उसकी नियत डोल गयी। प्रधान ने पुलिस को तहरीर नहीं दी। जानकारी के अनुसार सकरन थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजुरा गांव के प्रधान के यहां बरौली गांव निवासी अमरपाल मंदबुद्धि लड़का रहता था, जोकि घरेलू व छोटे मोटे काम करता था। प्रधान के यहां आने से पहले आरोपी अपने बहनोई के यहां डिउहा गांव में रहता था। लेकिन आर्थिक संकट के चलते अपने बहनोई के यहां से खजुरा प्रधान रामू के यहां आकर रहने लगा था। घर के घरेलू काम जैसे जानवरों को चारा – पानी की व्यवस्था करता था। प्रधान द्वारा खेत में लगे पेड़ों को बेचने के बाद मिले रुपयों को प्रधान ने अपने घर मे रखे गहनों के साथ रख दिये। बीती रात के करीब 3 बजे आरोपी बीस हजार के जेवर व पच्चास हजार की नकदी लेकर रफूचक्कर हो गया। चोरी हो जाने की जानकारी मिलने पर पीड़ित प्रधान ने रिश्तेदारों व आसपास क्षेत्र में आरोपी की काफी खोज की लेकिन पता न चल सका। इस प्रकरण पर ग्राम प्रधान से जब बात की गई तो प्रधान ने बताया कि लड़का एक साल से मेरे घर पर काम करता था। लेकिन कभी हर कत नहीं की लेकिन रात को घर में रखे लगभग 50000 और 20000 के जेवर लेकर के फरार हो गया तलाश की जा रही है। पुलिस को सूचना दी दी गई है लेकिन अभी लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया।

# योगी सरकार का महिला सशक्तिकरण व सम्मान सुरक्षा का दावा फेल

## मुख्यमंत्री के सपनों पर पानी फेर रही क्षेत्रीय पुलिस

रेउसा (सीतापुर)। एक तरफ जहां योगी सरकार महिला सशक्तिकरण एवं उनके सम्मान सुरक्षा की बात करती है। वहीं संबंधित पुलिस महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर मौन अथवा नजरअंदाज रहकर मुख्यमंत्री के सपनों पर पानी फेरने में अपनी वाहवाही समझ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रेउसा थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। जहां पर न्याय पाने की आस लगाए पीड़िता अपने पिता के साथ थाने के चक्कर लगाने को विवश है। थाना थानगांव क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता अपने ननिहाल रेउसा आई हुई थी। जहां पर उसी के गांव के एक मनचले ने उसके साथ छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का आरोप है कि दो दिन पूर्व जब वह ननिहाल से वापस अपने घर जा रही थी तो सुनील कुमार पुत्र सीताराम ने उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता का आरोप है कि जब वह नानी के घर पर थी। तब भी आरोपी सुनील के द्वारा दबे पांव घर में घुसकर छेड़खानी की गई थी। छेड़खानी करने वाले युवक ने उसे 2000 देने का प्रलोभन भी दिया और किसी से कुछ न बताने की बात कही गई। पीड़िता द्वारा थाना रेउसा में आरोपी के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू से न्याय की गुहार लगायी। इस बाबत थानाध्यक्ष रेउसा मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# अखिलेश कुमार गौतम बने भारतीय किसान मंच के जिला महासचिव

सीतापुर। भारतीय किसान मंच जनपद सीतापुर का विस्तार किया गया। संगठन के प्रदेश सचिव शैलेन्द्र राज की संस्तुति पर संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी के द्वारा जिला महासचिव की जिम्मेदारी अखिलेश कुमार गौतम को दी गई व खैराबाद ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी विमला को दी गई। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने कहा किसी भी पदाधिकारी के साथ व किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। किसानों के संघर्ष करने के लिये 24 घंटे तैयार है कोई जुल्म ज्यादती बर्दास्त नहीं की जायेगी। महासचिव अखिलेश कुमार गौतम ने जिलाध्यक्ष को अश्वासन दिलाते हुये कहा समाज में किसानों व मजदूरों, युवाओं के प्रति संघर्ष करता रहूंगा जो मुझे जिम्मेदारी दी गयी है उसका निष्ठा के साथ संघठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा और हमारे जिले के किसी भी किसानों के साथ कोई जुल्म या अत्याचार हुआ तो बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हम और हमारा संघठन किसानों व मजदूरों, युवाओं के कंधे से कन्धा मिलाकर चलेगा। मनोनयन पर मंडल अध्यक्ष लखनऊ रामलखन राठौर, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष मिश्रिख नसीम खान, महासचिव दिनेश मौर्य, तहसील अध्यक्ष सीतापुर माता प्रसाद, तहसील अध्यक्ष लहरपूर अशोक कुमार, ब्लाक अध्यक्ष लहरपुर छविनाथ, आदि लोगो ने हर्ष ब्यक्त किया।

# परिवार नियोजन को आईयूसीडी व अंतरा पर महिलाओं ने जताया भरोसा

## खुशहाल परिवार दिवस पर 190 महिलाओं ने अंतरा व 192 ने आईयूसीडी को अपनाया

सीतापुर। परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों में आईयूसीडी (इंट्रा यूटेराइन कांट्रासेप्टिव डिवाइस) और गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा पर महिलाएं विशेष भरोसा जता रही हैं। इस माह के खुशहाल परिवार दिवस के आंकड़े बताते हैं कि परिवार नियोजन को लेकर नव विवाहित दंपति त्रैमासिक गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा पहली पसंद बना है। इसके अलावा एक और दो बच्चों वाले दंपति या फिर तीन अथवा तीन से अधिक बच्चों वाले दंपति को आईयूसीडी पर अधिक भरोसा है। इसके अलावा पीपीआईयूसीडी (पोस्ट पार्टम इंट्रा यूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस) तीसरी पसंद बना है। तीन या फिर तीन से अधिक बच्चों वाली पांच महिलाओं ने परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को भी अपनाया है। सीएमओ डॉ. मधु गैरोला ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में परिवार नियोजन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी क्रम में परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए हर माह की 21 तारीख को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों पर खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर दंपति को परिवार नियोजन के साधनों की स्वीकार्यता बढ़ाने के बारे में जागरूक किया जाता है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस मौके पर लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधनों में से उनकी पसंद के अनुसार किसी एक को चुनने का विकल्प दिया जाता है।

### इस तरह महिलाओं ने लिया लाभ

परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद खान ने बताया कि अक्टूबर माह के खुशहाल परिवार दिवस पर 70 गर्भवती उच्च जोखिम वाली चिन्हित हुई हैं। इस मौके पर 192 महिलाओं ने आईयूसीडी और 190 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन लगवाया है। इसके अलावा 113 महिलाओं ने पीपीआईयूसीडी (पोस्ट पार्टम इंट्रा यूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस) को अपनाया है। इसके अलावा इस मौके पर अनचाहे गर्भ से बचने के लिए 2,145 महिलाओं को गर्भ निरोधक खाने की गोली छाया और 2,050 महिलाओं को माला एन गोली का भी वितरण किया गया। इसके अलावा 6,732 कंडोम का भी वितरण किया गया।

### अपने हिसाब से चुनें विकल्प

परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ. आरएन गिरी ने बताया कि परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों में अंतरा इंजेक्शन महिलाओं द्वारा बेहद पसंद किया जाता है। यह इंजेक्शन प्रति तीन माह के अंतर पर लगाया जाता है। इसे माहवारी आने के एक सप्ताह के अंदर और प्रसव के छह सप्ताह बाद ही लगाया जाता है। गर्भवती को यह इंजेक्शन नहीं लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखने के लिए आईयूसीडी (इंट्रा यूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस) महिलाओं के लिए काफी सुरक्षित मानी जाती है। इसे माहवारी के बाद अथवा प्रसव के छह सप्ताह बाद लगाया जाता है। वहीं जरूरत होने पर इसको आसानी से निकलवाया जा सकता है। अनचाहे गर्भ से लंबे समय तक मुक्ति चाहने वाली महिलाएं इसे बेहद पसंद करती हैं। दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखने के लिए पीपीआईयूसीडी (पोस्ट पार्टम इंट्रा यूटेराइन कंट्रासेप्टिव डिवाइस) महिलाओं के लिए काफी सुरक्षित मानी जाती है। इसे प्रसव के 48 घंटे के अंदर लगाया जाता है। वहीं जरूरत होने पर इसको आसानी से निकलवाया जा सकता है। अनचाहे गर्भ से लंबे समय तक मुक्ति चाहने वाली महिलाएं इसे बेहद पसंद करती हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रांगण में सप्त दिवसीय योग शिविर का आयोजन

हरदोई ।रामजानकी मंदिर हरदोई में हो रहे श्रीमद्भागवत के प्रांगण में 7 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर में पतंजलि योग समिति हरदोई के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह ने कहा कि अच्छा जीवन जीने के लिए योग करना बहुत आवश्यक है। योग करने से रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यदि अधिक समय न मिल पाये तो कम–से–कम कपाल भाति और अनुलोम विलोम प्राणायाम तथा कुछ आसान व सूक्ष्म आसन अवश्य कर लेना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ और निरोग होकर पुरूषार्थ के साथ काम करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। कपाल भाति करने से नजला जुकाम साइनस दूर होता है आमाशय, अगिनाशय, प्रंकृयाज, किडनी, गालब्रेडर,पाइल्स की सिकायत दूर होती है पथरी गलती है पुरानी पुरानी कब्ज, पैतृक डायबिटीज,मुटापा,हार्ट व्लाकेज एवं ब्लड प्रेशर आदि दूर हो जाते है। लेकिन करने तरीका सही होना चाहिए। अनुलोम विलोम प्राणायाम करने से शरीर की 727210201नस नाड़ियां दुरस्त होती हैं जो सेल्स डिजनरेट हो जाते हैं वह रिजनरेट हो जाते हैं नर्वस सिस्टम दुरस्त होजाते हैं इसलिए प्राणायाम करना बहुत ही आवश्यक है। इसका उदाहरण अपने घर में योग करने बालों न करने बालों के साथ तुलना कर सकते है कि कौन कितना स्वस्थ रहता है। हरिबंश जी ने जलनेती के बारे में बताया और करके भी दिखाया। उक्त शिविर का आयोजन महिला जिला प्रभारी विनीता पाण्डेय एवं जिला प्रभारी युवा भारत सोनू गुप्ता के द्वारा किया जा रहा है। उक्त अवसर पर महा सिंह ,सतेन्द्र सिंह, उमाकांत मिश्रा, जीतू पटेल, के पी दीक्षित , सन्जू श्रीवास्तव, वीना त्रिपाठी, आरती गुप्ता आदि भाई बहने ने मौजूद रहकर योग करके लाभ उठाया।

# मनुष्य की बुद्धि परमात्मा में लग जाए,यही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए–पूज्य संतोष भाई जी

हरदोई ।राजेंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में राधा कृष्ण मंदिर सत्संग मंडल से महिला मंडल कमेटी की सपना पटेल ,उर्मिला गुप्ता ,राजबाला अग्रवाल के तत्वावधान में श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में आचार्य संतोष भाई जी ने आज कथा के चौथे दिन बताया कि मनुष्य की बुद्धि परमात्मा में लग जाए यही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए।

आचार्य संतोष भाई जी ने बताया कि भक्ति जीव को विनम्र बनाती है, जीव के अन्दर के ताप को समाप्त करती है। जिस जीव पर ईश्वर की कृपा हो जाती है उसका प्रमाण यह मिलता है कि उस जीव पर सब कृपा करने लग जाते हैं। भगवान जब स्वयं भक्त के हो जाते हैं तो संसार भक्त के नाम को मन्त्र के रूप में जपने लगता है।

हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से व्यथित होकर भगवान ने भक्त प्रह्लाद को दर्शन दिए पिता हिरण्य कश्यप उसे भगवान विष्णु की भक्ति करने से रोकते हैं। उसकी भक्ति के मार्ग में कई तरह की बाधाएं डालते हैं, जबकि सत्य जान चुका प्रह्लाद अपने मार्ग पर यथावत चलता रहता है। किसी भी बाधा से विचलित न होने वाले प्रह्लाद अपने ही पिता भाव कि असत्यता के विरुद्ध एक क्रांति का बिगुल बजा देता है।

गजेन्द्र मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा कि गजेन्द्र की कथा कोई हांथी की कथा नहीं है।

यह हर मानव जीवन की कथा है। हाथी एक सरोवर में स्नान करता है। उसमें रहने वाला काल रूपी ग्राह उसके पैरों को पकड़ लेता है । हाथी अपनी तरफ खींचता है और ग्राह अपनी तरफ हाथी अपने परिवार के पत्नी, बच्चों को सहायता के लिये पुकारता है लेकिन कोई मदद नहीं करता ।इसी तरह मनुष्य संसार रूपी सरोवर में स्नान करता रहता है । एक दिन काल पैरों को पकड़ता है । कोई परिवार नहीं बचा पाता । तभी ईश्वर की याद आती है । ईश्वर ही रक्षा कर सकता है । समुद्र मंथन की कथा का वर्णन किया।

बावन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए महाराज जी ने कहा कि राजा बलि से नामक भगवान ने तीन पग पृथ्वी मांग कर उसके अभिमान को भी नाप लिया । राम के अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि राम शब्द जो रा में जब बोलते हैं मुंह खुलते ही पाप बाहर निकलता है । म में ओंठ बंद होता है । पाप दुबारा अंदर नहीं जाते । रामावतार हमें जीवन जीना सिखाता है अर्थात रामायण और भागवत हमारे जीवन मृत्यु को सुधारती है ।इसके पश्चात भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण चराचर जगत के स्वामी है भगवान श्री कृष्ण वसुदेव के सिर के ऊपर आए तो उनके हथकड़ी और बेडी के जो बंधन थे ,वो कट गए गोकुल भक्ति करने का स्थान है। मथुरा भोगियों की राजधानी भगवान भक्ति करने के स्थान पर चले गए ।मार्ग में उन्हें भक्ति रूपी यमुना महारानी का दर्शन हुआ, गोकुल में भगवान के भक्त उन के स्वागत में तैयार थे भगवान श्री कृष्णा आधी रात को मां यशोदा के पास पहुंच गए।

प्रातः काल सुनंदा को दर्शन दिया सुनंदा ने नंदबाबा को बताया

नन्द बाबा ने सब गोकुलवासियों के साथ मिलकर नंदोत्सव मनाया ।आज बड़े धूमधाम से भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। नंद घरआनंद भयो जय कन्हैया लाल की यशोदा के लाला भयो जय हो गोपाल की इस कीर्तन पर सभी भक्त जमकर नाचे भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी बनाई गई, मखाना टॉफी फूल गुब्बारे लुटाए गए।

इस अवसर पर मुख्य रुप से राजेंद्र पटेल, रजनीश अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता,अपूर्व माहेश्वरी मौजूद रहे।

यह कार्यक्रम राधा कृष्णा मंदिर सत्संग मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है ।

# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ की गई छठ मैया की पूजा

रेउसा (सीतापुर)। क्षेत्र में छठ पूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उगते सूर्य का पूजन और अर्ध्य देकर व्रत पूर्ण किया गया। छठ मैया का यह चार दिनों के व्रत के पहले दिन नहाय खाय व दूसरे दिन खरना के बाद तीसरे दिन शाम को जल में खड़े होकर अस्त होते सूर्य का पूजन उसको अर्ध्य दिया गया। जिसके अगले दिन सुबह होते सूर्य की पूजा व अर्ध्य देकर इस छठ व्रत को पूर्ण किया गया। रेउसा क्षेत्र के राजापुर, लालपुर, पंडित पुरवा, हुसैनपुर खानी, चहलारी, महेशपुर, रामीपुर, गोड़वा आदि समस्त आसपास स्थित एक तालाब के जल में खड़े होकर विधि विधान से छठ मैया का पूजन किया गया। जिसके बाद उदय हो रहे सूर्य को अर्ध्य दिया गया। इस बारे में सतीश मौर्य बताते हैं कि यह व्रत 36 घंटे से लेकर 40 घंटे का होता है। जो 4 दिनों में पूर्ण होता है लालपुर के रामकिशोर पांडे बताते हैं कि हर वर्ष की भाति छठ पूजा के प्रति लोगों में उल्लास बढ़ता ही जा रहा है। इस बार लोगों ने पहले से बढ़कर चढ़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों ने पूजा में हिस्सा लिया है। पूजन के मौके पर तालाब के आसपास मेला लगता है। लोग गोले पटाखे बैंड बाजा व डीजे के साथ इसे उत्सव के रूप में मनाते हैं।

# 12 बोर अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

मिश्रित (सीतापुर)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वांछित वारंटी एवं अवैध शस्त्र रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सीओ शुशील कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह के कुशल नेत्रत्व में कोतवाली पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक योगिता नेगी, का. दीपक कुमार, का. अमित कुमार ने ग्राम बेरसापुर निवासी ललित मिश्रा पुत्र सूर्यप्रकाश के यहां दबिस देकर गांव के बाहर स्थित झाडू बाबा स्थान के पास से एक 12 बोर अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# बीमारी से लगातार हो रही मौतें, लोग दहशत में'

## कछुआ में बीमारी से युवक की हुई मौत'

कौशाम्बी । कड़ा क्षेत्र में एक बार फिर मौत का कहर जारी है पिछले दो महीनों में सिराथू तहसील क्षेत्र में कई गांव में दर्जनों लोगो की मौत हो चुकी है जिसमे सबसे ज्यादा मौतें कड़ा क्षेत्र में बताई जा रही है । बताया जा रहा है कि यह मौत अज्ञात बीमारी की वजह से हुई है। कड़ा ब्लॉक के नरसिंहपुर कछुआ गांव में एक माह के भीतर बीमारी से तीन लोगो की मौत हो चुकी है इस गांव में स्वास्थ्य विभाग लंबे समय से नहीं पहुंचा है। जिसके चलते यहां बीमार ग्रामीणों को इलाज नहीं मिल पा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि पहले उल्टी दस्त, बुखार की शिकायत होती है और उसके बाद अत्यधिक कमजोरी आने के बाद मौत हो जा रही है। लगातार हो रही मौत से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है ।वहीं पिछले दो महीनों में इतनी बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौत होने से अब स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप मच गया है। क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाने की वजह से लगातार उनकी मौत हो रही है । गांव गांव लोग बीमार है। रमेश पाल , कमलेश पटेल , कुलदीप पटेल , जुनैद आदि लोगो ने बताया की अस्पतालों में मरीजों को जगह नहीं मिल रही है । गांव में फागिंग व दवा के छिड़काव के लिए लोग सोशल मीडिया पर गुहार लगा रहे है लेकिन विभाग का मौन रहना उनकी लापरवाही बया कर रही है । ताजा मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ गांव का रहने वाला संदीप पटेल पुत्र ज्ञान सिंह 30 वर्ष की बीमारी के कारण मौत हो गई । मृतक बुखार से पीड़ित बताया जा रहा है । संदीप की मौत से परिजनों समेत पत्नी व दो छोटे बच्चो का रोरोकर बुरा हाल है ।

# इनरव्हील क्लब की रैली में 108 क्लबों से शामिल होंगे 400 प्रतिनिधि

हरदोई ।31 अक्टूबर से 01 नवम्बर तक शहर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना को संवारे, इनरव्हील क्लब डीओडी व शक्तिवाहिनी की डिस्ट्रिक्ट रैली एवं आईएसओ मीट के दो दिवसीय आयोजन में संगमित्रम और अवतारम जैसे प्रेरक कार्यक्रमों के प्रस्तुतिकरण होगा ।जिसमें 108 डिस्ट्रिक्ट की लगभग 400 महिला प्रतिनिधि सहभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगी। सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब डीओडी की सीजेआई अनुराधा मिश्रा एवं चार्टर प्रेसीडेंट चित्रा वाजपेयी के साथ प्रेसीडेंट राखी द्विवेदी ने संयुक्त रूप से 31 अक्टूबर से एक नवम्बर तक होने वाले दो दिवसीय समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि आवास विकास कालोनी स्थित जेके पब्लिक स्कूल में 108 डिस्ट्रिक्ट की करीब 400 प्रतिनिधि शामिल होंगी। कहा, समारोह की मुख्य आईआईडब्लू ट्रेजरार सरिता लूनानी होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएपी सरोज कटियार रहेंगी।

एमजी मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि समारोह में विभिन्न प्रकार के कपड़ों सहित ज्वैलरी, सजावटी सामान आदि के रोजगारपरक स्टाल्स हर आयु वर्ग लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। जो 31 अक्टूबर की शाम को होने वाले उद्घाटन समारोह और आईएसओ मीट में नये रंग भरेंगे ।इस मौके पर क्लब के वर्ष भर के कार्यक्रमों को रेट्रो थीम द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। दूसरे दिन 01 नवम्बर को अवतारम में अलग–अलग क्लब विभिन्न सजीव प्रस्तुतियों से नाट्यकला के रंग बिखरेंगे। चित्रा वाजपेयी एवं अनुराधा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सपनों की थीम के अंतर्गत चरित्र मंचन होगा। क्लब एडीटर की थीम श्करिए कुछ ऐसा काम–चमके क्लब का नामश के माध्यम से एक प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। साथ ही स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना जगाएगी। प्रेसीडेंट राखी द्विवेदी ने कहा कि उसी दिन क्लब द्वारा गोद लिए गए प्रह्लाद घाट व परिसर में साक्षरता कार्यक्रम व योग शिक्षक द्वारा योग शिक्षा के साथ बुजुर्गों और बच्चों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। महिला हेल्प लाइन का उद्घाटन भी होगा जिसमें क्लब के प्रतिनिधि सहयोगी रहेंगे।

प्रेसवार्ता में एडीटर सोनिया मिश्रा व शिल्पी पाण्डेय तिवारी, ट्रेजरार अनीता पाण्डेय, आईएसओ पारुल तिवारी, सचिव सुप्रिया सेठ, चार्टर सेक्रेटरी नेहा नारायण, उपाध्यक्ष रागिनी तिवारी, सांस्कृतिक समिति प्रमुख रुपाली आदि पदाधिकारी रहीं। इनरव्हील क्लब की प्रेसीडेंट राखी द्विवेदी ने बताया कि ईमेल कार्बन उत्सर्जन कर साइबर प्रदूषण का पर्याय बनते जा रहे हैं। कहा, क्लब ने महीने भर से ईमेल्स डिलीट कराने की मुहिम चलायी हुई है, जिससे प्रेरित होकर 350 आईडी से 47 लाख 70 हजार ईमेल्स डिलीट हुए हैं। कहा अभियान में आगे रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# कायाकल्पकेन्द्रम् में वीरांगना–चाल पर हुई कार्यशाला

हरदोई। विशेषज्ञ इस बात की पुष्टि करते हैं कि तेज गति से पैदल चलने से हर व्यक्ति स्वास्थ्य–लाभ ले सकता है। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में आयोजित श्वीरांगना–चाल कार्यशालाश में सीनियर नेचरोपैथ डॉक्टर राजेश मिश्र ने बताया की सामान्यतः देखा जाता है जब लोग टहल रहे होते हैं तो उनके हाथ इधर–उधर झूलते रहते हैं। टहलते समय अपने हाथ व बाहों का पूरा उपयोग नहीं करते, उसी प्रकार कदम भी छोटे पड़ते हैं, इसलिए टहलने का पूरा लाभ नहीं मिलता। डॉक्टर मिश्र ने टहलने की नयी विधि विकसित की और उसे श्वीरांगना–चालश नाम दिया। उन्होंने कहा एक मिनट का व्यायाम, दिन भर आराम। बताया जो लोग नित्य टहलते हैं, वे अपने टहलने के समय में एक मिनट की श्वीरांगना–चालश को जोड़ दें। एक सप्ताह बाद दो–तीन मिनट कर दें। उन्होंने बताया कि वे कई महीनों से वीरांगना–चाल चल रहे हैं, जिससे बहुत लाभ मिला। अब चाहते हैं कि इससे सभी लाभान्वित हों। डॉ अवन्तिका त्रिपाठी ने वीरांगना–चाल चलने के बाद कहा कि दो मिनट की वीरांगना चाल, चालीस मिनट तक टहलने के बराबर है। ईशु गुप्ता, श्री ओम पाण्डेय, नन्द किशोर सागर, सोनू गुप्ता ने वीरांगना चाल से हुए अनुभव के आधार पर कहा कि इससे कम समय में अधिक लाभ मिल जाता है ।डॉ श्रुति दिलीरे, डॉ नीतू गुप्ता, दीपाली, अनामिका, कल्पना राठौर, शिवकुमार सहित अन्य लोगों ने वीरांगना–चाल का आनन्द लिया।

## सीएमओ ने हॉस्पिटल का पंजीकरण किया निलंबित

देवरिया। रामलक्षन चौराहे के निकट लक्ष्मीपुर मछरिहवां मोड़ स्थित एक हॉस्पिटल में रात ऑपरेशन के बाद एक प्रसूता की मौत की सूचना मिलने पर सीएमओ डॉ. राजेश झा ने निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्पिटल का पंजीकरण निलंबित करने का आदेश दिया है। साथ ही जांच टीम गठित की है। सीएमओ, एसीएमओ, आरसीएच एवं एसीएमओ व नोडल अधिकारी हॉस्पिटल, पंजीकरण व सीएचसी गौरीबाजार के अधीक्षक के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद वैदा के प्रधान रामेश्वर पाल ने बताया कि प्रसूता निशा देवी पत्नी सोनू निषाद निवासी सूरजपुर की हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। आयांश हॉस्पिटल लक्ष्मीपुर, वैदा पर कोई चिकित्सक, प्रबंधक व पर्सन इंचार्ज नहीं मिले। सात मरीज भर्ती पाए गए। इसमें दो मरीज हिस्ट्रेक्टामी ऑपरेशन तथा चार सिजेरियन सेक्सन के मरीज पाए गए, जिन्हें 108 नंबर एंबुलेंस से जिला अस्पताल व पीएचसी गौरीबाजार में भर्ती कराया गया। इसके बाद सीएमओ ने हॉस्पिटल का पंजीकरण निलंबित करते हुए बंद करा दिया। साथ ही जांच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की समिति बनाई गई है।

## एसीएमओ की अध्यक्षता में चार सदस्यी टीम करेगी जांच

देवरिया। सीएमओ ने ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत के मामले में जांच के लिए एसीएमओ की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें एसीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष तथा सीएचसी गौरीबाजार अधीक्षक डॉ. बीएन गिरि, सीएचसी रुद्रपुर के निश्चेतक डॉ. मनोज कुमार सिंह, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरटिया की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वरूपमा यादव को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सीएमओ ने टीम को मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देकर की सुख–समृद्धि की कामना

देवरिया। चार दिवसीय सूर्यषष्ठी पर्व के चौथे दिन व्रती महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में उदयगामी सूर्य को सामूहिक रूप से जल में खड़ा होकर अर्घ्य दिया। सूर्योपासना के दौरान जिले भर के नदी घाटों पर आस्थावानों की जबरदस्त भीड़ दिखी। इस दौरान व्रतियों ने सुख, शांति एवं संतान सुख की कामना की। इसके पूर्व ढोल–नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक गीतों के बीच व्रती महिलाएं और सिर पर पूजन सामग्री से भरी सूप व दौरी लिए पुरुष घाटों पर पहुंचे। ही व्रती महिलाएं छठ पूजन की तैयारियों के बीच निर्जल व्रत रहीं। अपराह्न में उन्होंने नदी–घाटों का रुख किया। शहर के परमार्थी पोखरा, मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर पोखरा, सोमनाथ मंदिर, गोरखपुर ओवरब्रिज के नीचे, गायत्री मंदिर, देवरही मंदिर के सरोवर पर पहुंची। आस्थावानों ने यहां पर अपनी–अपनी छठ वेदियों पर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रसाद सामग्री चढ़ाई और कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि में भगवान भास्कर के अस्ताचलगामी होने का इंतजार किया। सूर्यदेव को पानी में खड़े होकर पूरे भक्ति भाव से अर्घ्य दिया। इस मौके पर नदी घाट पर्व के गीतों से गुंजायमान रहे। युवाओं ने जमकर आतिशबाजी भी की। व्रतियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए शहर से लेकर देहात तक के नदी घाटों पर साफ–सफाई, प्रकाश, गुब्बारों से सजावट आदि व्यवस्थाएं की गई थीं। रात्रि में जागरण कर व्रत के महात्म्य की कथा भी सुनीं। जिन व्रतियों के यहां कोसी भरा जाना था, वहां इस पूजन के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

## भाटपाररानी क्षेत्र में भी रही धूम

भाटपाररानी। नगर के रानी पोखरा, सोहनपार पोखरा, रेलवे स्टेशन के बगल स्थित पोखरा, थाना के पास स्थित पोखरा पर नगर की महिलाओं ने छठ महापर्व के मौके पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके अलावा छोटी गंडक नदी के किनारे बनकटा मिश्र, जिरासो, मलहचक, मदन चक, चनुकी, दिस्तौली, मालीबारी, सवरेजी त्रिमुहानी घाट, बड़कागांव दुबे आदि छठ घाटों पर तथा खनुवा नदी के किनारे खैराट, केहुनिया, धरमखोर करन, कुकुर घाटी आदि छठ घाटों पर व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर विदा किया। गांवों और स्याही नदी के किनारे बने अनेक छठ घाटों पर भी व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर विदा किया और मंगल की कामना की।

## पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह के पत्नी के निधन पर शोक

बरहज। समाजवादी पार्टी के सचेतक रहे पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की पत्नी उर्मिला देवी (73) का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह की माता उर्मिला देवी पिछले दिनों से बीमार चल रही थीं। उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। सुबह हृदयगति रुकने से मौत हो गई। उनके निधन की जानकारी होने पर समाजवादी कार्यकर्ताओं, व्यापारियों आदि में शोक की लहर दौड़ गई। दूधनाथ सिंह, डॉ. मंगल सिंह, गुलाब सिंह, घनश्याम सिंह, रामसिंह, अब्दुल खालिक, मुरारी अग्रवाल, राजकुमार खेतान, प्रशांत सिंह, विकास सिंह, संतोष यादव आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## छठ घाट पर निकला मगरमच्छ

ठूठीबारी। चंदन नदी छठ घाट पर मगरमच्छ दिखाई देने से लोग भयभीत हो गए। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने नदी में जाल बिछाकर छठ घाट को सुरक्षित किया। दोपहर ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के चंदन नदी छठ घाट पर एक मगरमच्छ निकलने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। ग्राम प्रधान अजय कुमार ने इसकी जानकारी वन विभाग व क्षेत्राधिकारी निचलौल को दी। सूचना पर पहुंचे सीओ निचलौल सूर्यबली मौर्य, कोतवाल जेपी सिंह यादव व वन विभाग निचलौल रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी, फारेस्टर कलाम मोहम्मद, मारकंडेय मिश्रा ने छठ घाट पर मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया। रेंजर ने बताया कि चंदन नदी में पानी का बहाव होने के कारण मगरमच्छ को तत्काल पकड़ पाना मुश्किल है। नदी के किनारे जाल बिछा दिया गया है जिससे व्रती महिलाएं बिना किसी डर के अपनी उपासना पूरी कर सकें। खतरे की कोई आशंका नहीं है।

## नेपाल में डंडा हेड पुल के पास पुलिस जीप पलटी, छह घायल

भैरहवां। मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में नेपाल पुलिस की जीप डीजल टैंकर से टकराकर पलट गई। जीप में बैठे छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल भेजा। जानकारी के अनुसार शाम करीब सात बजे बेलहिया पुलिस चौकी की जीप भैरहवां की तरफ जा रही थी। जीप जैसे ही डंडा हेड पुल के पास पहुंची, अचानक मोटरसाइकिल आ जाने के कारण उसे बचाने में जीप अनियंत्रित हो कर डीजल टैंकर से टकराकर बीच सड़क पर ही पलट गई। जीप में बैठे सब इंस्पेक्टर समेत छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। एसपी रूपनदेही रविंद्र रेग्मी का कहना है कि घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों का हंगामा

रामलक्षन। चौराहे के निकट लक्ष्मीपुर मछरिहवां मोड़ स्थित एक हॉस्पिटल में रात ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो गई। आनन–फानन अस्पताल वालों ने उसे गोरखपुर रेफर कर दिया। गोरखपुर जाते समय प्रसूता की पहले से ही मौत देख परिजन भड़क गए। सुबह उन्होंने अस्पताल के सामने शव रख कर जमकर हंगामा किया। घरवालों का बवाल देख अस्पताल के कर्मी ताला बंद कर फरार हो गए। इससे हॉस्पिटल में आठ मरीज तीन घंटे तक बंद रहे। एसडीएम, सीओ और सीएमओ के पहुंचने पर अस्पताल खोला गया। मरीजों को गौरीबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा कर अस्पताल को सील कर दिया गया। मृतका के परिजनों ने तहरीर देकर अस्पताल वालों पर कार्रवाई की मांग की। सूरजपुर गांव के रवि निषाद की पुत्री निशा (28) को प्रसव पीड़ा होने पर सुबह गौरी बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। निशा की शादी गोरखपुर जिले के शिवपुर गांव में हुई थी। अस्पताल के चिकित्सक ने नार्मल डिलीवरी कराने में असमर्थता जताई। उन्होंने परिजनों को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन एक आशा कार्यकर्ता के साथ रामलक्षन के लक्ष्मीपुर मोड़ स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराए।

घरवालों के अनुसार रात करीब नौ बजे ऑपरेशन हुआ, जिसमें बच्चा पैदा हुआ और जच्चा की मौत हो गई, लेकिन अस्पताल के कर्मचारियों ने आनन–फानन रेफर कर दिया। गोरखपुर ले जाते समय पहले से प्रसूता की मौत से गुस्साए गांव के लोग अस्पताल पर बवाल करने लगे।

उन्होंने शव को हॉस्पिटल गेट पर रख दिया। इससे रुद्रपुर–गोरखपुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। हंगामा कर रहे लोगों को एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला और सीओ जिलाजीत ने कार्रवाई का आश्वासन दिया तो लोग शांत हुए।

इसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों सीएचसी गौरीबाजार में भर्ती कराया गया, जबकि एक मरीज के बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ था, उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां सीएमओ डॉ. राजेश झा, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा, चीफ फार्मासिस्ट अशोक राय पहुंचे और मरीज को देखा और जानकारी ली। सीएमओ ने कहा कि अस्पताल को सील कर दिया गया है। उसके कागजात की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा।

## एस डी एम गोला ने गोला सभागार में दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला तहसील सभागार मे सोमवार को उपजिलाधिकारी गोला रोहित कुमार मौर्य ने लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंतीअवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस का शपथ दिलाया। सभागार में सरदार बल्लभ भाई पटेलके चित्र पर उपस्थित लोगों ने माल्यर्पण किया गया। एस डी एम गोला ने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। आगे उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर को 1875 को गुजरात में हुआ था। इन्हें साल 1991 में उनके मरने के बाद सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। भारत में हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल एक लोकप्रिय नेता थे। भारत में जिन्हें भारत के एकीकरण कर्ता के रूप में भी जाना जाता है सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत के 565 रियासतों (राज्यों) को एक करने के लिए जाना जाता हैं। भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों को सम्मानित करने के लिए हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस पहली बार सरदार वल्लभभाई पटेल की 139 वी जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर 2014 को मनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के लिए घोषित किया। तभी से हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सभी कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी मनाते हैं। इस अवसर पर गोला तहसील के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। एकता के स्वर को सबसे अधिक यदि किसी ने बुलंद किया तो वह हैं स्वतंत्रता सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई




पटेल। हम भारतवासी अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी इस महान नेता के प्रति कृतज्ञ हैं,उनका जीवन हम सबके लिये अनुकरणीय है। उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मिश्र ने सोमवार को गोला तहसील क्षेत्र के गगहा ब्लॉक स्थित 'अपर प्राइमरी स्कूल सेमरी, के प्रांगण में आयोजित आधुनिक भारत के सृजनकर्ता, राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री एवं उपप्रधानमंत्री, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पूर्व विद्यालय के बच्चे, अभिभावक व अध्यापकों ने शान्ति, एकता,भाईचारे और सदभावना की भावना को आगे बढ़ाने व भेदभाव रहित एवं न्यायपूर्ण भारत के निर्माण हेतु शपथ लिया कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देश वासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। स.अ. पंकज कुमार गुप्ता ने कौटिल्य की कूटनीतिज्ञता एवं दृढ़ता, महाराज शिवाजी की दूरदर्शिता, बिस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, अब्राहम लिंकन जैसी राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा रखने वाले सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया। बच्चों ने मानव शृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में सभी अध्यापकों सराहनीय योगदान रहा।

## ब्रती महिलाओं ने मंगल कामना करते हुए किया ब्रत का समापन

### महापर्व छठ पूजा पर उमड़ा जनसैलाब नदी किनारे रहा मेला जैसा दृश्य श्रद्धालुओं ने भोर में नदी किनारे पहुंचकर उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। भगवान भास्कर के सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा पर निर्जल व्रत रखकर श्रद्धालु व्रती महिलाओं ने पुत्र प्राप्ति व उसकी कुशलता के साथ दीर्घायु की कामना करते हुए पूरे परिवार की सुख समृद्धि के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर सोमवार को उदयागामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित करके पर्व का समापन किया। बताते चले कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पर सरयूं नदी घाटों व गावों में स्थित तालाब व पोखरों के तट पर बने बेदियों के पास सोमवार के भोर में छठ माता के गीत को गाते हुए व्रती महिलायें व उनके परिवार के लोग गाजे बाजे के साथ पहुंचें और नदी तालाबों व पोखरों में किनारे जल में प्रवेश कर हाथों में पूजा की थाली लेकर आराधना करते हुए उदयागामी भाष्कर भगवान को अर्ध्य देकर व्रती महिलाओं ने मंगल कामना करते हुए व्रत का समापन किया और अर्ध्य देने के बाद पुनः गीत गाती हुयी अपने घर पर पहुंची और घर पहुचकर अपने देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर पारण किया।गोला क्षेत्र में सरयू नदी घाटो पर पक्का घाट बेवरी गाँव में स्थित श्याम घाट रामामऊ तुर्कवलिया मेहड़ा बरदसिया बिसरा गोड़ियांना बारानगर शिवपुर घाट सहित ग्रामीण क्षेत्रो में केशवापार चाड़ी नरायनपुर पुरसादेऊर डाँड़ी बाजार चिलवा ककरही घोड़ालोटन भर्रोह कौवाडील रामामऊ तुर्कवलिया मेहड़ा गोपालपुर बनकटा भड़सड़ा सेमरी पकड़ी भर्रोह मन्नीपुर कुशभौना आदि गावो में लोगो ने धूम धाम से लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत पर जाकर भगवान सुर्य को अर्ध्य अर्पित किया। स्थानीय प्रशासन व नगर पंचायत गोला के समाजसेवी पर्व पर पूरी मुस्तैदी के साथ रहे लगे। महापर्व छठ पूजा पर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। नगर पंचायत गोला के समाजसेवी लोग भी इस पावन पर्व पर उपस्थित होकर श्रद्धालुओ की देखरेख में लगे रहे। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं को कहीं किसी भी प्रकार की किसी को कोई दिक्कत न हो। चेयरमैन प्रतिनिधि मुराली प्रसाद गिरधारी लाल स्वर्णकार शत्रुघ्न कसौधन अशोक वर्मा दिलीप कुमार उमर इन्द्रबहादुर वर्मा मनोज कुमार उमर वैश्य सुदर्शन कसौधन जमील कुरैशी मनीष जायसवाल पीर मुहम्मद एस सी दास पप्पू रावत सहित अन्य समाजसेवियों ने छठ पूजा पर घाटों पर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अलग अलग पण्डाल की व्यवस्था किए थे। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



## छठ के पावन पर्व पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया प्रशाद वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी के नेतृत्व में सूर्य उपासना के महान पर्व







लोक कल्याणकारी छठ के अंतिम दिन आज व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर नमन और प्रणाम कर व्रत संपन्न किया। इस अवसर पर नौतनवा नगर के दोमुहान छठ घाट, राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज छठ घाट, डिहवा भुन्डी छठ घाट , प्रसाद वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज युवा जिला संरक्षक पंकज श्रीवास्तव डॉ राजीव शर्मा पुनीत अग्रहरी राजा वर्मा अनिल श्रीवास्तव किशन खेतान मनोज अग्रवाल वीरेंद्र जयसवाल रोहित जयसवाल राज श्रीवास्तव रंगीला मौजूद रहे सभी माताओं बहनों से आशीर्वाद लिया और दुमाहन घाट विजय अग्रहरी परशुराम सुजीत भुंडी बाईपास पर दुर्गेश जायसवाल दिनेश वर्मा प्रसाद वितरण किया परछठ माता की प्रतिमा पर शीश नवाकर नगर पालिका नौतनवा के समस्त नागरिकों के लोक कल्याण एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

## चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा के आवास पर जिला कमेटी का शिष्टाचार भेंटवार्ता



दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर आज बसपा जिला हाई कमान ने आदर्श नगर पंचायत सोनौली से दीपक बाबा को पार्टी प्रत्याशी के रूप में दिखाई हरी झंडी, इस मौके पर मण्डल जोन इंचार्ज नारद कुमार राव एवं जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार राव के अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार दोपहर बाद चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। बताते चले कि नगर निकाय चुनाव 2022 को लेकर बसपा आलाकमान के दिशानिर्देश में जिला कमेटी की अगुवाई में सोमवार आदर्श नगर पंचायत सोनौली के सबसे चर्चित हरदिल अजीज बसपा नेता एवं चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा के आवास पर पूरी टीम पहुच कर एक बैठक की जिसमे सभी लोगो की सर्वसम्मति से दीपक बाबा के नाम पर मुहर लगाई गई। इस मौके पर बसपा चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा ने कहा कि, नगर के जनता के लिए चला हूं, जनता के साथ सदा खड़ा हूं, और पार्टी का जो विश्वास मेरे साथ जुड़ा है उसे मैं कायम रखूंगा। इस बैठक के साक्षी के रूप में जिला कोषाध्यक्ष नदीम अहमद अब्बासी, जिला सचिव जितेंद्र कुमार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष संतोष कुमार, नगर प्रभारी भीम चंद गौतम, विधानसभा सचिव फूलदेव कनौजिया इत्यादि की उपस्थिति रही।

# सरदार पटेल अखंड भाव के प्रतीक–संजीव कटियार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल के प्रांगण में सोमवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव और सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर आधारित दो दिवसीय जनजागरूकता अभियान एवं चित्र प्रदर्शनी का किया गया। सीओ संजीव कटियार, भाजपा जिला मंत्री कैलाश सिंह प्रधानाचार्य अनिल यादव, काशी प्रसाद मौर्य, अमरेश चंद्र, डॉ परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव आदि अतिथियों ने फीता काट कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ लिया विद्यार्थियों ने एकता दौड़ में भाग लिया। मुख्य अतिथि संजीव कटियार ने कहा कि सरदार पटेल सिर्फ इतिहास में ही नहीं, बल्कि हम देश वासियों के हृदय में भी हैं। पटेल भारत की अखंडता के प्रति, अखंड भाव के प्रतीक हैं। उन्होंने देशवासियों को एक रहेंगे तभी आगे बढ़ेंगे जैसी प्रेरणा का संदेश दिया। आजादी का ये अमृतकाल, विकास की अभूतपूर्व गति का है, कठिन लक्ष्यों को हासिल करने का है। ये अमृतकाल सरदार पटेल के सपनों के भारत के नवनिर्माण का है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल हमारे देश को एक शरीर के रूप में देखते थे,



एक जीवंत इकाई के रूप में देखते थे। इसलिए, उनके श्एक भारत का मतलब ये भी था, कि जिसमें हर किसी के लिए एक समान अवसर हों, एक समान सपने देखने का अधिकार हो। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अभियान के आयोजक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, वाराणसी, डॉ. लालजी ने बताया कि समेकित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जारी जनजागरूकता अभियान क्रम में आयोजित चित्र प्रदर्शनी में लौह पुरूष सरदार पटेल जी के जीवन पर आधरित चित्रों का प्रदर्शन किया गया है जिसमे उनके बचपन, गांधी जी से प्रशिक्षण, सफल वैरिस्टर, निडरता, कर्मठता, किसानों के हितैषी और आधुनिक भारत के नवनिर्माण में योगदान की जानकारी युक्त चित्र प्रदर्शित किए गये हैं आजादी का अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता आंदोलन की जुड़ी ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घटनाओं जैसे डांडी यात्रा ,नमक सत्याग्रह, जलियां वाला बाग नरसंहार, यूरोपीय, व्यापरीयों का भारत आगमन, खिलाफत आंदोलन, साइमन कमीशन वापस जाओ, नेताजी सुभाष चंद्रबोस का योगदान, खेड़ा सत्याग्रह, चौरी–चौरा की घटना, आजादी की पहली लड़ाई, बंदेमातरम का उदघोष, राष्ट्रीय जागरण की लहर, चम्पारण सत्याग्रह के चित्र लगाए गये हैं। खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किया गया स सीबीसी लखनऊ के पंजीकृत जादूगर एवं सतरंज्य कठपुतली, प्रयागराज ने अपनी विधा से राष्ट्र भाव की भावना को अपनी कला के माध्यम से जागृत किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, वाराणसी डॉ.लालजी ने किया एक नवंबर को भी प्रदर्शनी आमजन के अवलोकन के लिए खुली रहेगी जादू और कठपुतली के कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होंगी।

## कूड़ो टूर्नामेंट तथा बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस में जिले का नाम रोशन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

प्रतापगढ़। गुजरात में आयोजित 13 वॉ इंटरनेशनल कूड़ो





टूर्नामेंट में देल्हूपुर गांव के अनिल कुमार सिंह की पुत्री अंकिता सिंह सिल्वर पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अंकिता सिंह बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। वह पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी रुचि रखती है। प्रतियोगिता की तैयारी राम तिवारी स्पोर्ट्स क्लब प्रतापगढ़ से किया था। गोरखपुर मंडल से गोल्ड मेडल जीतने के पश्चात इनका चयन अक्षय कुमार कूड़ो टूर्नामेंट में हुआ। जो गुजरात में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और सिल्वर मेडल जीता। इसी क्रम में बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस प्रतियोगिता में रानीगंज के विपुल कुमार ने भदोही के गोपीगंज में आयोजित तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उसके इस सफलता पर प्रधान अरविंद सिंह, राम अवधेश तिवारी, अवनीश सिंह, अनूप त्रिपाठी, सूरज सिंह ,सोनू गुप्ता, सुशील कुमार जायसवाल, दिलीप जायसवाल आदि ने खुशी जताई है।

## जन शिक्षण संस्थान में एकता दिवस समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर के द्वारा जनपद के विभिन्न हिस्सों बर्डपुर ब्लाक के ग्राम मधुबनिया और शोहरतगढ़ ब्लॉक के ग्राम





देवकली गंज में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर देश के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को एकता शपथ दिलाई गई तथा रन फॉर यूनिटी एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न छात्र छात्राओं ने भाग लिया जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर की ओर दिलीप कुमार सिंह कार्यवाहक निदेशक एवं संजीव कुमार गुप्ता लेखाधिकारी सहित संस्थान के अनुदेशक अनुदेशिका प्रशिक्षार्थी छात्र–छात्राओं सहित ग्राम वासियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# महाविद्यालय में मनाई गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती

## भारतीय संस्कृति के प्राणवान मूर्ति थे सरदार वल्लभ भाई पटेल–प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में राष्ट्र के गौरव भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरदार पटेल के प्रतिमा पर संयुक्त रुप से माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वयं हित से ज्यादा देश हित को प्राथमिकता दी साथ ही स्वतंत्रता के बाद देश की 565 रियासतों को भारत में विलय कर देश को एकता के सूत्र में बांधने का भी कार्य किया। यह उन्हीं के कौशल का परिणाम है कि आज देश एक संगठित शक्ति के रूप में विश्व में अपनी क्षमता एवं शक्ति का प्रमाण दे रहा है। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल भारतीय संस्कृति के प्राणवान मूर्ति थे जिन्होंने अपने विचारों से सामाजिक एकता समानता एवं



बधुन्तव की भावना का प्रचार–प्रसार किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.संतोष कुमार सैनी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल त्याग,दृढ़ता, संकल्पशक्ति एवं विद्वता की मिशाल थे जिन्होंने देश की राजनैतिक तथा भौगोलिक परिस्थितियों को साकार किया।वही वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. महीप कुमार एवं डॉ. वैशाली शुक्ला ने संयुक्त रुप से कहा कि भारत देश को स्वंत्रता दिलाने में सरदार पटेल का अमूल्य योगदान है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी प्रखर मेघा शक्ति से न सिर्फ राजनैतिक शिखरों को स्पर्श किया बल्कि राष्ट्र की एकता व अखण्डता को बनाये रखने में अक्षुण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमोद कुमार केशरी, महेश कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार, राम चरण मौर्य, सैफुद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर लौह पुरुष



सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। सर्व प्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए गोष्ठी की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसे नेता थे जो हमेशा गरीबों मजदूरों नौजवानों किसानों एवं आम जनता की लड़ाई लड़ने का काम किया स उन्होंने हमेशा अपने देश के हित के लिए काम किया। यादव ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा गरीबों मजदूरों एवं आम जनता की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं और जब जब सरकार में आए हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम किया। इस मौके पर राम निहोर यादव, अशोक पटेल, अनिल प्रधान, रामप्यारे सिंह पटेल, त्रिपुरारी, बाबू लाल यादव, चंद्रशेखर के साथ ही दर्जनों पुरुष व महिलाएं उपस्थित थे।

## सकुशल सम्पन्न हुआ छठ का त्यौहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन/सिद्धार्थनगर। छठ पर्व पर पूजा स्थल जगरनाथ



स्वामी मंदिर, पटखौली घाट, देउरवा घाट व थाना स्थानीय क्षेत्र के समस्त घाटों का निरीक्षण कर भ्रमण किया गया व प्रातः कालिन छठ पूजा सकुशल सम्पन्न कराया गया। अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर प्रभारी निरीक्षक लोटन, देव नन्दन उपाध्याय द्वारा आज दिनांक 31.10.2022 को त्यौहार छठ पूजा के दृष्टीगत जगरनाथ स्वामी मंदिर, पटखौली घाट, देउरवा घाट व थाना स्थानीय क्षेत्र के समस्त घाटों का निरीक्षण कर भ्रमण कर संबंधित को शासन व उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गए आवश्यक आदेश निर्देश से अवगत कराया गया और छठ पूजा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराया गया।

## उगते सूर्य की उपासना के साथ हुआ छठ पर्व का समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आस्था और वश्विास के महापर्व छठ का आज चौथा दनि



और ब्रती महिलाएं घाटों पर शाम अस्त होते सूर्य को अर्घ देने के पश्चात पूरी रात भक्ति भाव में डूबी हुई छठ मां के गीत को गाते हुए पूरी रात दीप प्रज्वलित कर रुकी रही और अब सुबह घंटो पानी मे रहते हुए सूर्य भगवान के उगते ही उनको अर्घ देकर अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना की। सोनांचल में छठ महापर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाता है, यह ब्रत बहुत ही कठिन ब्रत है जब ब्रती दिन–रात निर्जला ब्रत रहकर पूजन करती हैं। छठ पूजा में सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना का खास महत्व माना जाता है। छठ पूजा के तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दयिा जाता है, जिसका बहुत ही महत्व है और सुबह व्रती जल में घण्टो खड़ी रहकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व के व्रत को पूर्ण करती है। छठ महापर्व के अवसर पर नदी, नहर, सरोवर तटों पर मेले जैसा माहौल रहा। व्रती महिलाओं ने घंटो जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देकर नमन किया। घाटों पर ही बनी बेदी पर विधि–विधान से पूजन कर छठ मैया को मिठाई, फल, फूल, तथा घरों पर पूरी शुद्धता से तैयार किए गए ठेकुआ आदि को प्रसाद के रूप में चढ़ाया। सभी ओर छठी माता के पारंपरिक गीतों से पूरा माहौल गूंजता रहा।

## स्वरोजगार अपना कर समृद्ध बनें युवा–कृष्णचन्द्र पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। वर्तमान में बेरोजगारी युवाओ के लिए एक बड़ी समस्या बन रही है। इससे छुटकारा पाने के लिए युवा स्वरोजगार अपना कर अपने रोजी रोटी की व्यवस्था के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध बन सकते हैं। आजकल स्वरोजगार युवाओ के आर्थिक



उन्नति का मजबूत आधार भी बन रहा है।उक्त बातें कस्बा के तेतरी बाईपास चौक पर सोमवार को भाग्या कॉस्मेटिक्स एण्ड ब्यूटी शॉप के उद्घाटन के अवसर वयोवृद्ध समाजसेवी कृष्णचन्द्र पाण्डेय ने कही है। उन्होंने फीता काटकर उक्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया और कहा कि सरकार युवाओ को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु कई योजनाओं को भी चला रही है।स्वरोजगार के जरिये युवाओ के आर्थिक स्तरोन्नयन के लिए सरकार कम ब्याज पर आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर राणा प्रताप सिंह, वेदव्यास दुबे, नवल किशोर पाण्डेय, मयंक पाण्डेय, पार्थ सारथी पाण्डेय, गोविंद पाण्डेय, कृपा शंकर ,अशोक कुमार, खुडबुड राम, आकाश पाण्डेय, अभिषेक ,सुमित पाण्डेय, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, साधना पाण्डेय आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## मिर्च खेत की सिंचाई कर रहे बृद्ध किसान की करेन्ट लगने से गई जान

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बहेरा निवासी किसान की खेत में लगे पोल में लगे अर्थिग तार में करेंट उतर आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनारसी (57) लगभग पुत्र शिवनारायण निवासी बहेरा अपने खेत मे सिंचाई कर विजली के खम्भे के पास जाकर खड़ा हो गया। खम्भे में लगे अर्थिग तार में अचानक करेंट आ गया। बिजली के करंट से मृत्यु हो गई ईश्वर पुत्र बनारसी गम्भीर रूप से चोटिल हो गए। बहेरा प्रधान पति धीरज सिंह ने बताया कि सौभाग्य योजना के तहत विजली का पोल लगा था अर्थिंग वाले तार में बिजली उतर जाने के कारण मिर्चा के खेत में मशीन के द्वारा सिंचाई कर रहे किसान पैर फिसल गया जिससे पोल के पास गिर पड़ा। पोल से सटे और करंट लग गया मौके पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केकराही ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया। सहायक चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील ने बताया कि पुलिस को सूचना दे गईं वही पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# तैलीय त्वचा को प्राकृतिक रूप से मॉइस्चराइज करने के लिए अपनाएं ये तरीके



तैलीय त्वचा होने की सबसे बड़ी चुनौती इसकी नमी संतुलन बनाए रखना है। कई लोग तो मॉइस्चराइजर का उपयोग करना ही छोड़ देते हैं क्योंकि इससे उन्हें त्वचा की तैलीयता बढने का डर रहता है। ऐसा करना गलत है क्योंकि त्वचा के प्रकार कुछ भी हो, मॉइस्चराइजिंग स्किन केयर रूटीन का अहम हिस्सा है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे तरीके बताते हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी तैलीय त्वचा को प्राकृतिक रूप से मॉइस्चराइज कर सकते हैं।

दूध का करें इस्तेमाल

दूध में लैक्टिक एसिड होता है, जिसमें मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। यह स्किन बैरियर फंक्शन को बनाए रखने में भी मदद करता है। लाभ के लिए एक चौथाई कप ताजे दूध में नींबू के रस की कुछ बूंदें डालकर अच्छी तरह मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद अपने चेहरे को पानी से धो लें। ऐसा आप हफ्ते में एक बार कर सकते हैं।

गुलाब की पंखुडियां भी हैं प्रभावी

गुलाब की पंखुडियों का अर्क त्वचा पर एंटी–इंफ्लेमेटरी प्रभाव प्रदर्शित करता है और त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करके इसे मॉइस्चराइज कर सकता है। लाभ के लिए एक सॉस पैन में थोड़ा गुलाब जल और एक कप गुलाब की पंखुडियां डालकर इसे उबालें। अब इस घोल को ठंडा करके छान लें, फिर इसमें एलोवेरा जेल मिलाकर इसे फ्रिज में रख दें। इस मिश्रण को रात में सोने से पहले अपने चेहरे पर लगाएं।

एलोवेरा आएगा काम

एलोवेरा न केवल आपकी तैलीय त्वचा को मॉइस्चराइज कर सकता है बल्कि इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाए भी रख सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में एक चम्मच कारनौबा वैक्स, दो–तीन बड़ी चम्मच जोजोबा तेल और एक बड़ी चम्मच पानी मिलाएं। अब इसे थोड़ा गर्म करके अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। ऐसा हर रात सोने से पहले करें।

नींबू और शहद का मिश्रण लगाएं

नींबू त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने का कार्य करता है, जबकि शहद एक बेहतरीन प्राकृतिक मॉइस्चराइजर का काम करता है। लाभ के लिए एक नींबू का रस निचोड़ें और उसमें शहद डालकर इसे अच्छी तरह मिलाएं और इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 15 मिनट बाद त्वचा को पानी से धो लें। सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसे हफ्ते में 1–2 बार दोहराएं।

सूरजमुखी का तेल भी है कारगर

सूरजमुखी के बीज के तेल में लिनोलिक एसिड होता है जो आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और त्वचा के बैरियर को मजबूत करता है। लाभ के लिए सूरजमुखी के तेल की कुछ बूंदें लें और इससे अपनी त्वचा की मालिश करें। ऐसा दिन में कम से कम एक बार करें ताकि आपकी त्वचा में नमी बनी रहे।

## बॉडीकॉन ड्रेस में जान्हवी कपूर की खूबसूरती के कायल हुए फैंस, तस्वीरों पर लुटा रहे ढेर सारा प्यार

धड़क गर्ल जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म मिली को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। वहीं, एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होते ही वायरल हो जाती हैं। वहीं, एक्ट्रेस की बॉडीकॉन आउटफिट में



तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपनी खूबसूरत अदाएगी बिखेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। उनका कातिलाना अंदाज और बोल्डनेस किसी का भी मन मोह लेने के लिए काफी हैं। जान्हवी कपूर ने ऑरेंज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहन रखी हैं। जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही शानदार लग रही हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर वायरल होते ही फैंस उनकी तस्वीर पर ढेरों कमेंट्स कर रहे हैं। खूबसूरती और किलर स्माइल के चलते फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बॉलीवुड में अच्छा मुकाम हासिल किया है। ज्यादातर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर एक बार फिर अपने कर्वी फिगर से फैंस की धड़कनें बढ़ाने का काम कर रही हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इस बोल्ड लुक में काफी हॉट एंड ग्लैमरस दिखने के साथ बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। अगर जान्हवी की आगामी फिल्म की बात करें तो वो बहुत जल्द मिली और वरुण धवन के साथ बवाल में नजर आएंगी। अगर जान्हवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो हाल ही में ओटीटी फिल्म गुड लक जैरी में नजर आई थीं।




## एटली की अगली फिल्म सलमान खान के साथ, सफलता के लिए सलमान का दांव



तमिल फिल्मों के सुपर निर्देशकों में शुमार एटली इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। गौरतलब है कि आगामी वर्ष शाहरुख खान द्वारा निर्मित और अभिनीत फिल्म जवान प्रदर्शन के लिए तैयार है। जीरो के बाद परदे पर वापसी करने के लिए शाहरुख खान ने एटली पर दांव लगाया था लेकिन इससे पहले उनकी यशराज बैनर तले बन रही फिल्म पठान का प्रदर्शन होगा जो आगामी वर्ष 25 जनवरी को प्रदर्शित होगी, जबकि शाहरुख खान की नयनतारा अभिनीत फिल्म जवान 2 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

एटली को लेकर एक और बड़ी खबर बॉलीवुड के गलियारों में बहती हुई सुनाई दे रही है। गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि बॉलीवुड में भाई जान के नाम से ख्यात अभिनेता सलमान खान ने जब से शाहरुख खान की फिल्म जवान का टीजर देखा है उनका मन एटली के साथ काम करने का हो रहा है। बताया जा रहा है कि उन्होंने एटली के साथ अपनी फिल्म को लेकर बातचीत भी शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान ने एटली कुमार के साथ काम करने की इच्छा जताई है। जिसके बाद निर्देशक एटली कुमार सुपरस्टार सलमान खान के लिए अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। हालांकि पहले वो शाहरुख खान की फिल्म जवान को पूरा करेंगे। इसके बाद ही अगली बॉलीवुड फिल्म पर काम शुरू करेंगे। तब तक सुपरस्टार सलमान खान के पास भी कई फिल्मों के लाइनअप्स हैं। इन्हें पूरा करके ही निर्देशक एटली कुमार संग सलमान खान की अगली फिल्म पर तैयारी शुरू हो सकेगी। जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि निर्देशक एटली कुमार तमिल फिल्मों के बड़े निर्देशक हैं जो कई ब्लॉकबस्टर फिल्में मसलन, थेरी, मर्सेल और बिगिल दे चुके हैं। दिलचस्प बात ये है कि इन सभी फिल्मों में थलापति विजय ही लीड स्टार थे। जिसकी वजह से इन दोनों स्टार–डायरेक्टर के बीच गहरी बॉन्डिंग हैं। सुनने में आया है कि फिल्म जवान में भी थलापति विजय एक धांसू कैमियो करते दिखेंगे।

## रॉकेट गैंग के लिए स्पेशल डांस करेंगे रणबीर कपूर

बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर को कोरियोग्राफर से निर्देशक बने बॉस्को लेस्ली मार्टिस के निर्देशन में बनी पहली फिल्म रॉकेट गैंग



के लिए एक विशेष डांस नंबर में शामिल किया गया है। गाने का टीजर सोमवार को रिलीज किया जाएगा। रणबीर और बॉस्को ने इम्तियाज अली की तमाशा और रॉकस्टार सहित कई प्रोजेक्ट्स पर साथ काम किया है। इसलिए, अभिनेता ने अपने दोस्त के लिए प्रशंसा के निशान के रूप में गाने के लिए आने का फैसला किया। नंबर के लिए अपने प्रिय मित्र के साथ सहयोग के बारे में बात करते हुए, बॉस्को ने कहा, मैं रणबीर को विशेष अतिथि के रूप में पाकर बहुत रोमांचित हूं। वह एक महान अभिनेता और एक महान डांसर हैं। मैंने पूरे गीत को कोरियोग्राफ किया है और मैं वास्तव में खुश हूं। मैं सोमवार को गाने का टीजर रिलीज करने और प्रशंसकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्साहित हूं। रॉकेट गैंग एक डांस हॉरर–कॉमेडी–ड्रामा है जिसमें निकिता दत्ता और लोकप्रिय डांस रियलिटी शो के बाल कलाकारों के साथ आदित्य सील मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में आएंगी।

## क्या आप भी है गले की खराश या जुकाम से परेशान ? तो अपनाएं ये नुस्खा तुरंत मिलेगा निजात



मौसम में बदलाव के कारण इस समय लोगों को कई प्रकार के इंफेक्शन और बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, इसमें सर्दी, खांसी एवं जुकाम का खतरा सबसे अधिक होता है। चूंकि अभी सर्दी का मौसम अभी पूरी तरह आया नहीं है, तो ऐसे में कई व्यक्ति अभी तक ठंडे पानी, कोल्ड ड्रिंक्स, या लस्सी पीने की आदत छोड़ नहीं पाए हैं। मगर इसकी वजह से उन्हें गले की खराश का सामना करना पड़ता है, ये एक ऐसी समस्या है जिसके शिकार होने के बाद ठीक से बात करना मुश्किल हो जाता है, यहां तक की भोजन करने में भी परेशानी होती है।

गले की खराश कैसे करें दूर?

दादी–नानी के जमाने के कई ऐसे नुस्खे हैं जो गले एवं नाक की बीमारियों से हमें छुटकारा दिला सकते हैं। विशेष तौर पर गले की खराश से यदि आप परेशान हैं तो किचन में रखी इन चीजों का अवश्य उपयोग करें।

मेथी–

मेथी एक बेहत सुगंधित मसाला है, यही कारण है कि कई रेसेपीज को तैयार करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इसके लिए आप एक चम्मच मेथी दानों को एक कप पानी में उबाल लें। इसके गुनगुने पानी को छन्नी से छानकर पी जाएं।

मुलेठी और शहद–

मुलेठी को गले की खराश का रामबाण उपचार माना जाता है, यदि आप भी इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं तो एक चम्मच मुलेठी पाउडर लें तथा इसके साथ शहद को मिक्स कर लें। अब गुनगुने पानी के साथ इसके गरारे करें, इससे जल्द आराम प्राप्त होगा।

नमक और हल्दी के पानी के गरारे–

नमक एवं हल्दी का उपयोग हम अक्सर खाने का टेस्ट बढ़ाने के लिए करते होंगे, मगर इन दोनों का कॉम्बिनेशन गले की खराश से निजात दिलाने का कमा कर सकता है। इसके लिए आप एक ग्लास पानी को गैस स्टोव पर चढ़ाकर गुनगुना कर लें। अब इसमें आधा चम्मच नमक एवं एक चम्मच हल्दी को मिक्स करके लगभग 5 बार गरारे करें, आपकी परेशानी आहिस्ता–आहिस्ता कम होने लगेगी।